तापमान

अधिकतम 28.4 डिग्री

न्यूनतम 23.7 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 2 नवंबर 2025

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया




**मस्तूरी गोलीकांड : श्रीकांत वर्मा मार्ग में बनी थी योजना**

# कांग्रेस नेता अकबर खान सहित दो और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मस्तूरी गोलीकांड में नया मोड़ आ गया है। पुलिस को जानकारी मिली है कि गोलीकांड के एक दिन पहले श्रीकांत वर्मा स्थित एक दोसा सेंटर में सरगना मवेशी तस्कर व कांग्रेस नेता अकबर खान के इसकी योजना बनाई थी। पुलिस ने अकबर सहित 2 अन्य आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गोलीकांड षड़यंत्रकर्ता गुण्डा बदमाश व कांग्रेस नेता अब भी फरार है।

रिमांड में लेने के बाद पुलिस अधिकारियों की टीम गोलीकांड के आरोपी मोहतरा निवासी विश्वजीत अनंत, उसके भाई अरमान अनंत, चाहत उफ विक्रमजीत, मोहम्मद मुस्तकीम उर्फ नफीस से लगातार पूछताछ कर रही है। शनिवार को पुलिस ने आरोपी अरमान उफ बलमजीत अनंत, चाहत उर्फ विक्रमजीत की निशानदेही पर एक और देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा व एक जिंदा कारतूस बरामद किया था। उसके पूर्व आरोपियों के कब्जे से दो देशी पिस्टल, एक देशी कट्टा जब्त किया गया था। लगातार पूछताछ के बाद पुलिस को पता चला कि गोलीकांड की योजना श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित एक दोसा सेंटर में बनाई गई थी। पुलिस ने दोसा सेंटर का सीसीटीवी फुटेज खंगाला तो घटना के एक दिन पहले सरगना मवेशी तस्कर व कांग्रेस नेता अकबर खान का बैठकर चर्चा करते फुटेज मिला। दोनों ने वहीं बैठकर मस्तूरी जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह, उसके करीबी व रिश्तेदारों की हत्या करने की योजना बनाई थी। उसके बाद अकबर खान उक्त आरोपियों से मोबाइल में लगातार संपर्क पर था। उसने वारदात के बाद आरोपियों को शहर में छिपाने में सहयोग किया था। शनिवार को पुलिस ने शिव विहार मोपका निवासी अकबर खान पिता गुलाब जान खान 53 साल व मस्तूरी मोहतरा निवासी देवेश सुमन उर्फ निक्कु सुमन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

**गुण्डा बदमाश व एक अन्य कांग्रेस नेता हैं फरार**

- पंचायत चुनाव में हार का बदला लेने व जमीन के धंधे में दखल देने पर बनाई गई हत्या की योजना



पुलिस हिरासत में आरोपी।

**चुनाव में हार का बदला लेने की वारदात**

पिछले पंचायत चुनाव में तोरवा क्षेत्र का गुण्डा बदमाश नागेन्द्र राय हार गया था और नितेश सिंह निर्विरोध जनपद उपाध्यक्ष चुना गया था। चुनाव का हार का बदला लेने व जमीन के धंधे में दखल देने पर नागेन्द्र राय ने नितेश सिंह, उसके करीबी व रिश्तेदारों की हत्या करने की योजना बनाई। योजना में उसके साथ जमीन का काम करने वाले अकबर खान, कांग्रेस नेता दर्रीघाट निवासी तारकेश्वर पाटले, मवेशी तस्कर विश्वजीत अनंत के साथ शामिल थे। नागेन्द्र राय के कहने पर तारकेश्वर पाटले ने आरोपियों को 1 लाख रुपए दिया था। बहरहाल षड़यंत्रकर्ता नागेन्द्र राय, तारकेश्वर पाटले पुलिस की पकड़ से बाहर हैं।

**गोलीकांड में नाबालिगों को शामिल करने की थी योजना**

आरोपियों ने गोलीकांड में नाबालिगों को शामिल करने की योजना बनाई थी। वे नाबालिगों को नशे की लत लगाकर हथियार देखकर गोलीकांड को अंजाम देना चाह रहे थे, ताकि पकड़े जाने पर उन्हें कानूनी राहत मिल जाएऔर वे उन्हें छुड़ा लें। लेकिन उनकी योजना फेल हो गई और गोलीकांड में मात्र एक नाबालिग शामिल हो पाया।

**कहां से लाए गए हथियार व कारतूस**

पुलिस ने पूरे मामले में एक नाबलिग सहित 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर 3 देशी पिस्टल, 2 देशी कट्टा, 6 मैग्जीन, 5 जिंदा कारतूस, 13 नग खाली खोखा जब्त किया है। आरोपियों के पास इतने हथियार कहां से आए, इसका खुलासा नहीं हो पाया है।

**योजना में शामिल था अकबर**

चुनाव में हार का बदला लेने व जमीन के धंधे को लेकर नागेन्द्र राय, तारकेश्वर पाटले, अकबर खान, विश्वजीत अनंत ने जनपद उपाध्यक्ष नितेश सिंह, उसके दोस्त व रिश्तेदारों की हत्या करने की योजना बनाई थी। तकनीकी साक्ष्य के आधार अकबर खान व उसके एक अन्य सहयोगी को गिरफ्तार किया गया है। नागेन्द्र राय, तारकेश्वर पाटले की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

\- रजनेश सिंह एसएसपी

## चूराघाट एनीकट में नहाते समय रेलवे अधिकारी बहे, मचा हड़कंप

**बिलासपुर।** पिकनिक मनाने गए बिल्हा के चूराघाट एनीकट में नहाते समय रेलवे अधिकारी तेज बहाव की चपेट में आकर बह गए, साथ में नहा रहा उनका साला भी लापता हो गया है। दोनों का पता नहीं चल पाया है।

बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, बिल्हा रेलवे कालोनी निवासी संतोष राम 40 साल रेलवे विभाग में एसएससी के पद पर पदस्थ हैं। शनिवार को वे अपनी पत्नी बच्चे व साले अनुज कुमार, उनकी पत्नी बच्चों के साथ पिकनिक मनाने उड़नताल चूराघाट एनीकट गए थे। दोपहर 3.30 बजे जीजा व साला एनीकट में उतरकर नहा रहे थे। इसी दौरान तेज बहाव की चपेट में आने से संतोष राम डूबने लगे। आवाज लगाने पर साला अनुज कुमार बचाने के लिए गए तो वे भी तेज बहाव की चपेट में आकर बह गए। उन्हें बहते देख परिवार में कोहराम मच गया। रोते बिलखते महिलाओं व बच्चों ने गांव के लोगों को सूचना दी, गांव वालों की सूचना पर बिल्हा पुलिस मौके पर पहुंच गई। एसडीआरएफ की टीम को सूचना देकर स्थानीय मछुवारों की सहायता से दोनों को खोजने का प्रयास किया गया, किन्तु दोनों का पता नहीं चल पाया। शाम को एसडीआरएफ की टीम एनीकट पहुंची। उस दौरान अंधेरा हो गया था। रविवार की सुबह फिर से दोनों की पतासाजी की जाएगी।

- अधिकारी के साथ उनका साला भी लापता

## मेडिकल कालेज में एडमिशन कराने का झांसा देकर 30 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मेडिकल कालेज में एडमिशन कराने का झांसा देकर एक व्यक्ति से 30 लाख रुपए की ठगी कर ली गई है। पुलिस धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, व्यापार विहार रोड सांई शरण निवासी हेमंत मोदी पिता स्व. कमल किशोर मोदी ने रिपोर्ट लिखाई। इसके अनुसार उन्होंने सोशल मीडिया में नामी एवं प्रतिष्ठित कालेज में सीधे एडमिशन का विज्ञापन देखा। उन्होंने मोबाइल नम्बर पर संपर्क किया तो गौरव झा नामक व्यक्ति से अपने बेटे अर्चित मोदी के एडमिशन के लिए बीतचीत की। उसके बाद भर्ती प्रक्रिया बताने के लिए गौरव झा, विनीत सिंह उर्फ सौम्य राज श्री मोदी के व्यापार विहार आफिस में आए। उक्त व्यक्ति ने बताया कि उनकी एजुकेशन कंसल्टेंसी पुणे में है, वे एजुकेशन कंस्ल्टेंसी के माध्ये से बड़े एव नामी कालेजों में एडमिशन कराने का काम करते हैं। उसने वडगांव शेरी विमान नगर पुणे महाराष्ट्र में मुख्य कार्यालय होना बताया। एडमिशन की प्रक्रिया के लिए श्री मोदी 5 जून 2025 को मुख्यालय पुणे गए , जहां शिवम शर्मा उर्फ गोपी, कृष्णा, विनीत सिंह से उनकी मुलाकात हुई। उन्हें 100 प्रतिशत एडमिशन होने की गारंटी व आश्वासन दिया गया। अलग अलग कालेज के डोनेशन व एडमिशन होने तक का खर्चा 30 लाख रुपए बताया गया। श्री मोदी ने अलग अलग किश्तों में आनलाइन माध्यम से 30 लाख रुपए उन लोगों के बताए गए बैंक खाते में ट्रांसफर कर दिया। रकम देने पर एडमिशन का मेल नहीं आने पर उन लोगों के मोबाइल में संपर्क किया तो मोबाइल तो बंद बताने लगा। उसके बाद उन्हें ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ। पुलिस ने श्री मोदी की रिपोर्ट पर शिवम शर्मा, विनीत सिंह उर्फ सौम्य राज, गौरव झा, आर्यन अग्रवाल, विराज चोढ़े के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।




**नाराज कलेक्टर ने डीईओ को फटकारा, हटाने का आदेश**

# जांच में दोषी फिर भी क्लर्क को किया बहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मेडिकल बिल के भुगतान के लिए 10 प्रतिशत कमीशन मांगने वाले बाबू को बहाल कर उसी ऑफिस में पदस्थ कर दिया गया था। इसके साथ ही दोषी पाए जाने के बाद भी न तो विभागीय जांच की गई और न ही आरोप पत्र जारी किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी ने उसे केवल चेतावनी देकर दोष मुक्त कर दिया। अब कलेक्टर तक पहुंची शिकायत के बाद क्लर्क को हटाने का आदेश जारी कर दिया गया है।

दरअसल, गवर्नमेंट प्राइमरी स्कूल खपरी के सहायक शिक्षक संतोष कुमार साहू ने मेडिकल बिल भुगतान के लिए बीईओ ऑफिस मस्तूरी में आवेदन जमा किया था। इलाज में हुए खर्च सहित सभी दस्तावेज पेश करने और उनका परीक्षण करने के बाद कार्यालय से उनका 1 लाख 87 हजार 459 रुपए स्वीकृत हुआ था। बीईओ कार्यालय मस्तूरी में पदस्थ सहायक ग्रेड-02 सीएस नौरके ने 9 जुलाई की रात 8.30 बजे उनके मोबाइल पर कॉल कर मेडिकल बिल की रकम उनके खाते में जमा करने के एवज में 10 प्रतिशत कमीशन मांगा। कमीशन देने में असमर्थता जताने पर भुगतान रोक दिया गया। जिससे परेशान होकर उसने डीईओ और कलेक्टर से शिकायत की थी। इसमें बातचीत का ऑडियो भी सौंपा गया था।

- मेडिकल बिल बनाने शिक्षक से मांगा था 10 प्रतिशत कमीशन

**ऑडियो वायरल होने पर किया सस्पेंड**

पहले तो शिकायत के बाद भी अफसरों ने मामले को नजरअंदाज कर दिया। जिसके बाद कमीशनखोरी का ऑडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ, मामला मीडिया में आया तो डीईओ ने कमीशन मांगने वाले क्लर्क को सस्पेंड कर दिया। डीईओ ने लिपिक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जारी किए गए निलंबन आदेश में साफ लिखा था कि लिपिक के उस कृत्य से विभाग की छवि धूमिल हुई है। इस मामले की प्रारंभिक जांच कराई गई, जिसमें क्लर्क को कमीशन मांगने के लिए दोषी पाया गया, जिसके बाद अब 44 दिन बाद डीईओ ने उसे फिर से बहाल कर दिया। जारी आदेश में लिखा है कि वह भविष्य में दोबारा ऐसी गलती करता है तो कार्रवाई होगी।

### न तो विभागीय जांच की गई और न ही आरोप पत्र

खास बात यह है कि जांच में दोषी पाए जाने के बाद भी न तो विभागीय जांच की गई और न ही आरोप पत्र जारी किया गया। खास बात कि डीईओ के बहाली आदेश में साफ लिखा है कि जांच में वह दोषी पाया गया था। जांच में दोष साबित होने के बाद चेतावनी देकर बहाल करने का यह पहला मामला है। बड़ी बात यह है कि उसे फिर से उसी बीईओ ऑफिस में पदस्थ कर दिया गया है, जहां रहते हुए उसके खिलाफ कार्रवाई हुई थी। अब कलेक्टर संजय अग्रवाल ने मामले में नाराजगी जताते हुए डीईओ को बाबू को हटाने कहा है।



हेल्थ प्लस

## डॉ. प्रियंका फिजियोथेरेपी सेंटर की सेवाएं से लाभान्वित हो रहे लोग

**बिलासपुर।** स्मार्ट रोड नेहरू नगर स्थित डॉ प्रियंका फिजियोथेरेपी एवं रिहैबिलिटेशन सेंटर की फिजियोथेरेपी सेवाएं से लगातार लोग लाभान्वित हो रहे है। डॉ प्रियंका वरिष्ठ फिजियोथेरेपी चिकित्सक के रूप में जाना माना नाम है। यहां डॉक्टर प्रियंका और उनकी टीम फिजियोथेरेपी और रेहबलिटेशन तकनीक के माध्यम से




पीड़ित लोगों के जीवन में व्यापक परिवर्तन ला रहीं है। फिजियोथेरेपी चिकित्सा में पीड़ित व्यक्ति का इलाज बिना किसी दवाइयों के किया जाता है इससे व्यक्ति को दर्द भरे आपरेशन और दवाइयों के साइड इफ़ेक्ट से छुटकारा तो मिलता ही है साथ ही उनका शरीर भविष्य में मजबूत भी बनता है। डॉ प्रियंका को 14 वर्षो का अनुभव और उनकी विशेषज्ञता खासकर महिलाओं और असहाय बच्चों के प्रति प्रभावी सिद्ध हो रही है। डॉ प्रियंका पूर्व फिजियोथेरेपी चिकित्सक श्री नारायणा हॉस्पिटल, अवंति हॉस्पिटल, श्री शिवम हॉस्पिटल, सहोदरा हॉस्पिटल रायपुर में, पूर्व चिकित्सक जिंदल स्टील रायगढ़ तथा विगत सात वर्षों से बिलासपुर शिशु भवन, विजय वंदना हॉस्पिटल, उदय चिल्ड्रन, नेमी चंद जैन संस्था में कार्यरत रहीं है । वर्तमान में वंदना हॉस्पिटल, श्री शाह न्यूरो हॉस्पिटल, नोबल हॉस्पिटल, गजानन हॉस्पिटल नेहरू नगर, अंकुर ट्रामा हॉस्पिटल बिलासपुर में विजिटिंग डॉक्टर के रूप में अपनी सेवायें दे रहीं है।

### निधन

#### अनिल कुमार सिंह



**बिलासपुर।** आसमा सिटी सकरी निवासी अनिल कुमार सिंह का शनिवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार देवकीनंदन दीक्षित मुक्तिधाम सरकंडा में किया गया। वे रजत कुमार व अदिति सिंह के पिता थे।

#### स्नेही सालोमन



**बिलासपुर।** कोटा रोड भरनी निवासी स्नेही सालोमन का 1 नवंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार प्रभु की वाटिका सिंधी कालोनी बिलासपुर में 2 नवंबर को दोपहर 3 बजे किया जाएगा। वे आर्थर सालोमन (राजा सालोमन) की माता थीं।

#### रेखचंद कोशले



**मुंगेली।** गुरु अमरदास मेमोरियल ट्रस्ट के कार्यकारिणी सदस्य व मुढ़िया पूर्व सरपंच रेखचंद कोशले का उम्र 57 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार रविवार 2 नवंबर को गृहग्राम मुढ़िया में होगा। गुरु अमरदास मेमोरियल ट्रस्ट के प्रमुख दुर्गा बघेल ने उनकी मृत्यु पर गहरा दुख जताया है।

# सामुदायिक भवन बनाने की थी तैयारी, फाइल वापस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

अतिरिक्त तहसीलदार सकरी के द्वारा वर्ष 2017 में घास भूमि के नाम पर दर्ज भूमि का आबंटन विभिन्न समाजों के नाम पर कर देने का मामला प्रकाश में आया है। मामले का खुलासा तब हुआ जब तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह द्वारा विधायक निधि से उक्त समाजों को सामुदायिक भवन हेतु राशि स्वीकृत की गई, लेकिन जांच में प्रस्तावित भूमि का वनभूमि होना पाया गया। लिहाजा सामुदायिक भवन निर्माण की स्वीकृति नहीं दी गई।

- समाजों को बांट दी घास भूमि, तखतपुर विधायक ने सामुदायिक भवन हेतु दी थी राशि, नहीं हो सकेगा निर्माण

सकरी तहसील अंतर्गत उसलापुर क्षेत्र की भूमि जिसका खसरा नंबर 255/1 है। भूमि का रकबा 7.27 हेक्टेयर है। राजस्व अभिलेखों में यह भूमि छोटे झाड़ के जंगल एवं चरनोई घास के रूप में दर्ज है। सकरी के तत्कालीन तहसीलदार द्वारा 16 दिसंबर 2017 को विभिन्न समाजों को आबंटित कर दी गई। इसके अंतर्गत सर्व आदिवासी समाज को 10 हजार वर्गफीट, ठाकुर समाज को 4 हजार वर्गफीट, पनिका समाज को 4 हजार वर्गफीट, यादव समाज को 4 हजार वर्गफीट, सतनामी समाज को 4 हजार वर्गफीट एवं मुसलमान समाज को 4 हजार वर्गफीट जमीन का आबंटन किया गया है।

तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह द्वारा सामुदायिक भवन के निर्माण हेतु बीते दिनों पनिका समाज को 10 लाख, मुस्लिम समाज को 10 लाख एवं आदिवासी समाज को 20 लाख रूपए विधायक निधि से स्वीकृत किए गए थे। उक्त स्वीकृति के बाद अगली कार्यवाही के लिए प्रकरण जिला योजना एवं सांख्यिकीय विभाग को प्राप्त हुआ। इस दौरान सामुदायिक भवन के निर्माण के लिए उपलब्ध भूमि की जांच करने पर पता चला कि उक्त भूमि घास भूमि है, जिसे समाजों को आबंटित कर दिया गया है। चूंकि वनभूमि या घास भूमि में पक्के निर्माण की स्वीकृति नहीं है, जिससे अब सारे समाजों को सामुदायिक भवन के लिए राशि जारी करना संभव नहीं होगा। योजना एवं सांख्यिकीय विभाग द्वारा इस संबंध में तखतपुर विधायक को पत्र भेजकर वस्तुस्थिति की जानकारी दी जा रही है।

**कलेक्टर के स्पष्ट निर्देश**

इस संबंध में कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा संज्ञान में आने वाली फाईलों में अपनी स्पष्ट टीप लिखी गई है, जिसमें कहा गया है कि सक्षम अधिकारी की अनुमति के बिना वनभूमि या राजस्व वनभूमि में निर्माण न हों। ऐसे में इस तरह की भूमि में किसी भी तरह के निर्माण की स्वीकृति मिलने का प्रश्न ही नहीं उठता।

**प्रकरण राशि जारी करने योग्य नहीं**

वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत उक्त भूमि पर निर्माण कार्य प्रतिबंधित है। इसलिए यह प्रकरण राशि जारी करने योग्य नहीं है। विधायक को पत्र लिखकर सूचित किया जाएगा।

- **एमके नेताम,** उपसंचालक योजना एवं सांख्यिकीय विभाग

**जांच कराई जाएगी**

वनभूमि या घास भूमि किसी भी तरह के निर्माण के लिए किसी को भी आबंटित नहीं हो सकती। यदि ऐसा हुआ है तो पूरी तरह गलत है। इसकी जांच करवा लेता हूं।

- **राहुल शर्मा,** तहसीलदार सकरी

# गांव में पादरी व पास्टर के प्रवेश पर रोक

## हाईकोर्ट ने कहा- पहले ग्राम सभा या एसडीएम के पास जाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कांकेर जिले के कुछ गांवों में पादरी और पास्टर के प्रवेश पर लगे प्रतिबंध वाले होर्डिंग्स पर ईसाई संगठनों की आपत्ति के बाद हाईकोर्ट ने अपना फैसला सुना दिया है। कोर्ट ने मामला यह कहते हुए प्रकरण को निराकृत किया है कि याचिकाकर्ता पहले ग्राम सभा या एसडीएम के पास अपनी शिकायत दर्ज करें।



- प्रतिबंध वाले होर्डिंग्स पर ईसाई संगठनों ने की थी आपत्ति
- धर्मांतरण को रोकने के लिए होर्डिंग्स लगाना असंवैधानिक नहीं

दरअसल कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर ब्लॉक के ग्राम घोटिया समेत आसपास के कई गांवों में हाल ही में कुछ स्थानीय निवासियों ने गांव के प्रवेश द्वारों पर होर्डिंग लगाकर पादरी और पास्टर के प्रवेश पर रोक लगा दी थी। इन बोर्डों पर लिखा था कि "गांव में ईसाई धर्म के पादरी, पास्टर या धर्मांतरण के उद्देश्य से आने वाले लोगों का प्रवेश वर्जित है।" इस आदेशनुमा संदेश के खिलाफ ईसाई संगठनों ने छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की थी। कोर्ट में हुई सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं ने दलील दी कि यह प्रतिबंध असंवैधानिक है और संविधान द्वारा प्रदत्त धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि गांवों में लगाए गए ऐसे बोर्ड सामाजिक विभाजन को बढ़ावा देते हैं और एक विशेष समुदाय के खिलाफ भेदभाव की भावना फैलाते हैं।

**पुलिस से सुरक्षा की मांग कर सकते हैं**

राज्य शासन की ओर से पेश वकील ने कहा कि याचिकाकर्ता बिना निचले स्तर पर शिकायत किए सीधे हाईकोर्ट आ गए हैं, जबकि उन्हें पहले ग्राम सभा या एसडीएम के पास जाकर अपनी शिकायत दर्ज करनी चाहिए थी। शासन का यह भी कहना था कि ग्राम पंचायत स्तर पर ही इस तरह की शिकायतों का निपटारा किया जा सकता है। हाईकोर्ट ने शासन के तर्क से सहमति जताते हुए कहा कि फिलहाल यह मामला निचले स्तर पर सुलझाया जाना चाहिए। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि अगर याचिकाकर्ता चाहें तो पहले ग्राम सभा या एसडीएम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत करें। इसी के साथ कोर्ट ने जनहित याचिका को निराकृत कर दिया। कोर्ट ने यह भी कहा है कि यदि याचिकाकर्ताओं को यह आशंका है कि उन्हें अपने गांवों में प्रवेश करने से रोका जाएगा या कोई खतरा है, तो वे पुलिस से सुरक्षा की मांग कर सकते हैं।

### ग्राम सभा एक संवैधानिक मान्यता प्राप्त निकाय

कोर्ट ने दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद पाया कि होर्डिंग्स संबंधित ग्राम सभाओं द्वारा पेसा ढांचे के तहत शक्तियों का प्रयोग करते हुए लगाए गए थे। याचिकाकर्ताओं द्वारा ऐसा कोई भी प्रमाण अभिलेख में प्रस्तुत नहीं किया गया है जिससे यह संकेत मिले कि परिपत्र किसी भी धार्मिक समूह के विरुद्ध भेदभाव को अधिकृत करता है। कोर्ट ने कहा कि ग्राम सभा पेसा अधिनियम के तहत एक संवैधानिक रूप से मान्यता प्राप्त निकाय है और उसे सामुदायिक संसाधनों के प्रबंधन और जनजातीय परंपराओं की रक्षा के लिए विशिष्ट शक्तियां प्रदान की गई हैं। कोर्ट ने यह भी कहा कि प्रलोभन या कपटपूर्ण तरीकों से जबरन धर्मांतरण को रोकने के लिए होर्डिंग्स लगाना असंवैधानिक नहीं कहा जा सकता। ऐसा प्रतीत होता है कि ये होर्डिंग्स संबंधित ग्राम सभाओं द्वारा स्वदेशी आदिवासियों और स्थानीय सांस्कृतिक विरासत के हितों की रक्षा के लिए एहतियाती उपाय के रूप में लगाए गए हैं।

# संभागीय उड़नदस्ते की टीम में 6 कर्मचारी, 5 जिलों का जिम्मा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जिले सहित संभाग में अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है, लेकिन इस पर लगाम लगाने की फुर्सत अधिकारियों को नहीं है। कर्मचारी और अधिकारियों की कमी से जूझ रहे विभाग में महीनों में एक बार कार्रवाई हो जाए तो बहुत है।

संभागीय उपायुक्त आबकारी कार्यालय के उड़नदस्ते को 5 जिले का प्रभार है, लेकिन ना तो अधिकारी है और ना ही कर्मचारी। संभागीय उपायुक्त आबकारी कार्यालय में 6 कर्मचारी पदस्थ हैं। इसमें 1 आबकारी अधिकारी, 1 एडीईओ और 2 सब इंस्पेक्टर सहित 3 आरक्षक शामिल है लेकिन इतने छोटे स्टाफ को 5 जिलों में कार्रवाई का अधिकार है। दरअसल बिलासपुर, मुंगेली, कोरबा, पेंड्रा और जांजगीर में संभागीय उड़नदस्ते की फ्लाइंग टीम कार्रवाई कर सकती है, लेकिन फ्लाइंग में अधिकारी व कर्मचारियों की कमी के चलते महज खानापूर्ति की कार्रवाई की जाती है। खास बात यह है कि फ्लाइंग स्काड को मिली शिकायत पर भी कार्रवाई नहीं हो रही है, ऐसे में विभाग द्वारा अवैध शराब, नकली ब्रांड की शराबों पर कार्रवाई ठप है। उच्च अधिकारियों को इसकी जानकारी होने के बाद भी स्टाफ की भर्ती और नई पोस्टिंग को लेकर विभाग पूरी तरह से उदासीन है।

**वाहन को लग चुका है जंग**

अवैध शराब पर कार्रवाई के लिए फ्लाइंग स्काड की टीम के लिए विभाग ने वाहन की व्यवस्था की है लेकिन सालों पुराने यह वाहन कंडम हो चुके है। वाहन कई माह से मल्टीलेवल पार्किंग में खड़ी है। बताया जा रहा है कि सरकार को सबसे ज्यादा राजस्व दिलाना वाले विभाग में स्टाफ और संसाधनों की कमी बनी हुई है।

**पुलिस में रोजाना कार्रवाई**

खास बात यह है कि जिस विभाग को अवैध व नकली शराब का जिम्मा दिया गया है, वह महज दिखावे की कार्रवाई कर पाता है, जबकि इसके उलट सभी जिलों में पुलिस की टीम लगातार कार्रवाई करते हुए। अवैध शराब पर नकेल कस रही है, जबकि आबकारी की टीम हाथ पर हाथ धरे बैठी है।

**होती है कार्रवाई**

फ्लाइंग में आबकारी अधिकारी समेत 6 लोग हैं। जिले में अलग टीम होती है, हमें संभाग के जिलों में कार्रवाई का अधिकार है। कार्रवाई भी होती रहती है।

- **सोनल यादव,** डीओ, आबकारी विभाग

## सिविल जज भर्ती परीक्षा 21 दिसंबर को मुख्य परीक्षा के लिए आवेदन 15 तक

**बिलासपुर।** सिविल जज भर्ती के लिए मुख्य परीक्षा 21 दिसंबर को होगी। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की ओर से इसका शेड्यूल जारी कर दिया गया है। इसके लिए कुल 661 अभ्यर्थियों को चिंहित किया गया है। इधर, मुख्य परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 अक्टूबर से 15 नवंबर तक किए जाएंगे।

## आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद पर आवेदन कल से

**बिलासपुर।** एकीकृत बाल विकास परियोजना सरकण्डा अंतर्गत ग्राम कछार के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक कछार 2 में आंगनबाड़ी सहायिका के 1 रिक्त पद पर आवेदन 3 नवम्बर से 17 नवम्बर तक कर सकते हैं। इच्छुक आवेदिका अपना आवेदन परियोजना कार्यालय सरकण्डा में सीधे अथवा पंजीकृत डाक से भेज सकती है। आवेदिका को उसी ग्राम की स्थानीय निवासी होना चाहिए।




हरिभूमि लाइव
बिलासपुर, रविवार 2 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibsp@gmail.com
Whats App - 6263190692, 8305922255



धर्म-क्षेत्र

## भैरव जन्माष्टमी पर होगा रूद्र महायज्ञ, रामलीला

**बिलासपुर।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री सिद्ध तंत्र अधिष्ठाता श्री भैरव जन्माष्टमी की पावन अवसर पर भारतीय सनातन संस्कृति धर्म रक्षा, गौरक्षा, विश्व व जन कल्याण हेतु रुद्र महायज्ञ यज्ञ, श्री भैरव जयंती महोत्सव एवं राम लीला का भव्य आयोजन रतनपुर में किया जा रहा है।



11 को कलश यात्रा पंचांग पूजन से होगा शुभारंभ

श्री सिद्ध तंत्र पीठ भैरव बाबा मंदिर परिवार ने बताया कि यज्ञ, महोत्सव में मंगलवार 11 नवंबर को कलश यात्रा, पंचाग पूजन के साथ यज्ञ का शुभारंभ होगा। रविवार 12 नवंबर को श्री भैरव जयंती महोत्सव होगा। इस दिन सर्वदेव आह्वान पूजा कर अग्नि प्रज्वलित किए जाएंगे। सोमवार 17 नवंबर को शाम 6 बजे यज्ञ की पूर्णाहूति की जाएगी। रविवार 19 नवंबर को 151 कन्याओं, बटुकों एवं ब्राम्हणों को भोजन कराया जाएगा। महाभण्डारा होगा। इसमें सैकड़ों श्रद्धालु भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। महाभण्डारा के साथ ही कार्यक्रम का समापन हो जाएगा। उल्लेखनीय है कि यज्ञ भगवान की 108 परिक्रमा करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है। वहीं बेलपत्री पत्र व पुष्प से शांति, मोक्ष, सिक्का से परिक्रमा करने पर व्यापार में वृद्धि व लक्ष्मी, काजू, बादाम, छोहारा, इलायची से विद्या व प्रतिष्ठा की प्रप्ति होती है। लौंग एवं काली मिर्च से भूत पिशाच आदि बाघांए शांत होती है। सुपाड़ी, हल्दी की गांठ से ऐश्वर्य प्राप्ति एवं अभियोग (मुकदमा) में विजय प्राप्त होती है। श्री भैरव अष्टमी महोत्सव का विशेष आयोजन रविवार 12 नवंबर को किया जाएगा। इस दिन भैरव बाबा की विशेष पूजन, आरती की जाएगी।

आयोजन

## राज्य स्थापना दिवस पर संगोष्ठी, आठवीं अनुसूची में शामिल करने का संकल्प



**बिलासपुर।** प्रयास प्रकाशन साहित्य अकादमी और छत्तीसगढ़ी राजभाषा परिषद् द्वारा राज्य स्थापना रजत जयंती वर्ष के शुभ अवसर पर विचार एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन संस्कार भवन में किया गया। इस अवसर पर राजभाषा छत्तीसगढ़ी को आठवीं अनुसूची में शामिल करने संकल्प लिया गया। पूर्व अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग डॉ विनय कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य में डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे राष्ट्रीय अध्यक्ष की अध्यक्षता एवं डॉ ए के यदु एवं रमेश चन्द्र श्रीवास्तव के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर डॉ विनय कुमार पाठक ने अपने उद्बोधन में कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन एवं छत्तीसगढ़ी को राजभाषा बनाने में छत्तीसगढ़ के साहित्यकारों की भी महती भूमिका रही है। छत्तीसगढ़ी के विकास एवं संरक्षण संवर्धन हेतु साहित्य के पुरोधाओं ने अपनी सृजनशीलता से राष्ट्रीय स्तर पर इसकी विशिष्टताओं को पहुंचा कर सम्मानित किया और उसी का सत्परिणाम है आज समस्त साहित्यकार साहित्य की सभी विधाओं में सृजन कर साहित्य भंडार को समृद्ध कर रहे हैं वहीं छत्तीसगढ़ी के विकास में तथा इसे राजकाज की भाषा बनाने के लिए छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग का भी योगदान अत्यधिक महत्वपूर्ण रहा है। इस अवसर पर सनत तिवारी, डॉ ए के यदु, अंजनी कुमार तिवारी, विष्णु कुमार तिवारी, शीतल प्रसाद पाटनवार, राम निहोरा राजपूत , शत्रुघन जैसवानी, डॉ सुषमा पंड्या, महेन्द्र दुबे, आशीष श्रीवास, पूर्णिमा तिवारी ने काव्य पाठ किया।

कार्यक्रम

## तोरवा में बिखरेगी सुआ नाच की सतरंगी छटा



**बिलासपुर।** भोजली महोत्सव समिति बिलासपुर द्वारा विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी धान मंडी चौक तोरवा में भोजली महोत्सव समिति द्वारा रविवार 16 नवंबर को शाम 5 बजे से सुआ नाच प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम को नगद राशि एवं कप दिया जाएगा। एंट्री फीस निःशुल्क रहेगा। समिति के अध्यक्ष शंकर यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में स्वयं गीत गाकर नृत्य करने वाले भी भाग ले सक्ते हैं। महोत्सव में छत्तीसगढ़ी फिल्म अभिनेत्री, अभिनेता अतिथि के रूप में शामिल होंगे। प्रत्येक टीम में 6 सदस्य से ऊपर होना एवं छ.ग. के पारंपरिक वेशभूषा में आना अनिवार्य है। सभी प्रतियोगियों को अपने गीत को मोबाईल में डाऊनलोड करके लाना होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु पंजीयन 1 से 15 नवंबर तक करा सकते हैं। 15 वर्ष से ऊपर होना अनिवार्य है। झाकी में शंकर पार्वती, सुवा छत्तीसगढ़ महतारी, बिलासा दाइ बनकर भी आ सकते हैं। प्रथम पुरस्कार 7 हजार गणेश प्रधान राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रधान सामाज तोरवा पावर हाउस की ओर से, द्वितीय पुरुस्कार 5 हजार रामजी यादव रायपुर, तृतीय पुरस्कार 3 हजार देव यादव रायपुर, चतुर्थ पुरुस्कार 15 सौ प्रहलाद दुधेश्वर मोपका, पांचवा पुरस्कार 1100 सौ मोहन श्रीवास पार्षद मोपका की ओर से दिया जाएगा।

# खाटू श्याम जन्मोत्सव पर कोलकत्ता के फूलों से अलौकिक श्रृंगार

घोंघा बाबा मंदिर परिसर स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में 15वां श्याम महोत्सव मनाया जा रहा है। दूसरे दिन सुबह तिलक नगर श्रीराम मंदिर से बाबा श्याम, रामदरबार, भगवान शिव, हनुमान, त्रिपुर सुंदरी, जीर्ण माता की अगुवाई में वाद्य यंत्रों के बीच निशाना यात्रा निकली।





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भगवान 1 रथ और 5 बग्घी पर सवार थे। भक्त निशान लेकर चल रहे थे, वहीं निशान के साथ सैकड़ों भक्त भी शामिल थे। इसके दर्शन के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। फूलों से निशान यात्रा का स्वागत किया गया। निशान लेकर भक्त सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए मंदिर पहुंचे। यहां भक्तों ने खाटू श्याम को निशान अर्पित किया।

वहीं शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। श्याम महोत्सव के दूसरे दिन सुबह मंगला आरती हुई। इसके बाद बाबा श्याम का राजसी श्रृंगार किया गया। कलकत्ता से आए फूलों से खाटू श्याम का श्रृंगार किया गया। मंदिर की बाहरी सजावट भी फूलों से की गई। महाआरती के बाद छप्पन भोग लगाकर प्रसाद बांटा गया।

### खाटू श्याम के भजनों में डूबे भक्त

शाम 7.15 बजे से भजन संध्या शुरू हुई, इसमें गायक नेतल शर्मा, गौतम शर्मा, उमेश शर्मा और बुन्टू म्युजिकल ग्रुप द्वारा संगीतमय प्रस्तुति ने भक्तों को खूब रिझााया। इस संगीत में हर कोई डूब गया और खाटू श्याम के जयकारे लगाकर जन्मोत्सव मनाया।



छप्पन भोग लगाकर की गई पूजा

### मसानगंज मंदिर में हुई पूजा



खाटू श्याम पंचमुखी हनुमान मंदिर में बाबा श्याम का फूलों से अलौकिक श्रृंगार किया गया। वहीं शाम को भजन संध्या का आयोजन किया गया। देर रात तक लोगों ने भजन का आनंद लिया।

# गन्ने का मंडप बनाकर, भगवान शालिग्राम-तुलसी की पूजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

■ देवउठनी एकादशी मनाई गई, रावत नाचा शुरू

शहर में देवउठनी एकादशी शनिवार को मनाया गया। देव उठने के साथ ही शुभकार्यों का भी शुभारंभ हो गया। द्वारों पर दीप सजाने के साथ आतिशबाजी हुई। मंदिरों और घरों में गन्ने से सजे मंडप तले भगवान विष्णु की पूजा हुई। शालिग्राम-तुलसी विवाह हुए। देवउठनी एकादशी शुरू होते ही शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में रावत नाच शुरू हो गया। शहर में नर्तकियों और बजगरियों का मेला लग रहा। श्रद्धालुओं ने विशेष रूप से गन्नों का मंडप बनाया। भगवान विष्णु को धूप, दीप, फूल, गंधक, चंदन, फल व अर्घ्य देकर दीपदान कर अन्नकूट का भोग लगाया। पूजा में सिंघाड़ा, आंवला, बेर, मूली, सीताफल, अमरूद, कांदा, बैचांदी आदि ऋतु फल, सब्जी, मिष्ठान व खीर का भोग लगा। देवउठनी एकादशी को छोटी दिवाली के रूप में मनाया गया। शंख-ध्वनि और वाद्य यंत्रों को बजाकर भगवान को जगाया गया। श्रीहरि विष्णु के रूप शालिगराम-तुलसी का विवाह हुआ। हरदेवलाल मंदिर, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर, तिलक नगर स्थित श्रीराम मंदिर, सीता-राम मंदिर सहित शहर के अन्य मंदिरों में पूजा-अर्चना के साथ भजन-कीर्तन हुए।

### शहनाइयों की गूंज से होंगे मंगल कार्य

देवउठनी एकादशी के पश्चात अब शादी-विवाह की शुरूवात हो जाएगी,जो विगत कुछ माह से बंद थे अब फिर से शहनाईयों की गूंज से मंगल कार्य प्रारंभ हो जाएंगे। नबंबर में 2, 3, 5, 8, 12, 13, 16, 17, 18, 21, 22, 23, 25, 30 शुभ है। इसी तरह दिसंबर में 4, 5, 6 को शुभ मुहुर्त जिसमें शादी-व्याह किए जा सकते है।










## पारंपरिक लोक धुनों और शास्त्रीय वादन जैसी विधाओं का प्रदर्शन

**बिलासपुर।** एनईआई सभागार में सुर-संगम अंतर मंडलीय सांस्कृतिक प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें बिलासपुर मुख्यालय सहित रायपुर, नागपुर एवं बिलासपुर मंडल से सुर एवं संगीत की विभिन्न विधाओ के प्रतिभागी शामिल हुए। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय लोक संगीत की समृद्ध परंपराओं को प्रोत्साहन देना और नई पीढ़ी को इसके संरक्षण हेतु प्रेरित करना था। कार्यक्रम की शुरूआत मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल एवं मंडल सेक्रो अध्यक्षा भगवती खोईवाल द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके पश्चात इस प्रतियोगिता में विभिन्न मंडलों से आए प्रतिभागियों ने अपनी प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत की विभिन्न श्रेणियों में पारंपरिक लोक धुनों और शास्त्रीय वादन जैसी अनेक विधाओं का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का अद्भुत परिचय दिया, जिससे भारतीय लोक कलाओं की विविधता और जीवंतता को दर्शाया गया। इस प्रतियोगिता के विजेताओं के चयन के लिए 3 सदस्यीय निर्णायक मंडल बनाए गए थे जिसमें डॉ शिवनारायण मौरे, विकास डिकसेना, तथा मनीषा श्रीवास शामिल थे।

कार्यक्रम के दूसरे सत्र में मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक राजमल खोईवाल एवं विशिष्ट अतिथि भगवती खोईवाल के मुख्य आतिथ्य में पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के विजेताओं को मुख्य अतिथि के करकमलों से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अंशुमान मिश्रा, मंडल कार्मिक अधिकारी रुहिना तुफ़ैल खान सहित अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण अधिकाधिक संख्या में उपस्थित थे।

कार्नर न्यूज

# भारतीय डाक विभाग भरोसे और ईमानदारी का प्रतीक

### डाक विभाग की प्रदर्शनी बिलासापेक्स के समापन पर विशेष आवरण जारी






हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

डाक विभाग द्वारा राघवेंद्र राव सभा भवन में आयोजित जिला स्तरीय डाक टिकट प्रदर्शनी "बिलासापेक्स के द्वितीय दिवस सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में अटल बिहारी वाजपेयी विश्विद्यालय के कुलपति आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में निर्विकार डीआईजी, सीआईएसएफ यूनिट, एसईसीएल मुख्यालय उपस्थित रहे, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक डाक सेवाएं दिनेश कुमार मिस्त्री ने की। अधीक्षक डाकघर बिलासपुर विनय कुमार प्रसाद की गरिमामयी उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर "छत्तीसगढ़ के गौरवशाली 25 वर्ष" विषय पर विशेष आवरण एवं कैशलेशन कैशट का विमोचन किया गया। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि आचार्य अरुण दिवाकर नाथ बाजपेयी ने कहा कि "भारतीय डाक विभाग भरोसे और ईमानदारी का प्रतीक है। यह संस्था देश के अंतिम छोर तक हर परिस्थिति में अपनी सेवाएँ निरंतर प्रदान करती है। पुलिस और डाकिया दोनों वर्दीधारी सेवाएँ है। डाकिये के आने से हर्ष और आशा का संचार होता है। कार्यक्रम में डाक विभाग के वरिष्ठ अधिकारी दिनेश मिस्त्री, निदेशक डाक सेवाएं छत्तीसगढ़ परिमंडल, विनय प्रसाद, अधीक्षक डाकघर बिलासपुर,गणेश देवांगन, कार्यालय पर्यवेक्षक, अरुण तिवारी, सहायक अधीक्षक, बीपी सेन, पंकज मिश्रा, जितेंद्र क्षत्रिय, पारुल श्रीवास्तव, अनूप गुप्ता, अनिल जगत एवं निखिल गोपाल सहित समस्त विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रेल और डाक देश की जीवन रेखा

विशिष्ट अतिथि निर्विकार ने कहा कि हर नागरिक का जीवन डाक विभाग से गहराई से जुड़ा है। रेल और डाक दोनों ही संस्थाएँ देश की जीवन रेखाएँ हैं। डाक विभाग केवल पत्र वितरण तक सीमित नहीं, बल्कि राष्ट्र की समृद्धि और विकास में भी अपनी महती भूमिका निभा रहा है। "फिलाटेलिस्ट श्री अतुल जैन, नरेश अग्रवाल ने अपने वक्तव्य में कहा कि "डाक टिकट केवल एक टिकट नहीं, बल्कि इतिहास, संस्कृति और ज्ञान का जीवंत दस्तावेज है। इसमें किसी देश की आत्मा बसती है।

### क्विज़ एवं चित्रकला

द्वितीय दिवस पर विद्यार्थियों के लिए क्विज एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें केंद्रीय विद्यालय, दिल्ली पब्लिक स्कूल, के.पी.एस. स्कूल, सेंट पलोटी, रियल ग्रोथ पब्लिक स्कूल और अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में केंद्रीय विद्यालय-1 ने प्रथम, केंद्रीय विद्यालय-2 ने द्वितीय और रियल ग्रोथ पब्लिक स्कूल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## खबर संक्षेप

### चिन्मयानंद बापू की श्री राम कथा का शुभारंभ आज



**लोरमी।** नगर के कथा स्थल मानस मंच में 2 नवंबर सुबह 11 बजे से भव्य कलश के साथ चिन्मयानंद बापू की श्रीराम कथा का शुभारंभ होगा। कथा आगामी 10 नवंबर तक प्रतिदिन दोपहर 2 बजे से शाम 7 बजे तक चलेगी। 2 नवंबर मंगलाचरण नाम महिमा, 3 नवंबर वंदना प्रकरण एवं शिव चरित्र, 4 नवंबर श्री शिव-पार्वती विवाह, 5 नवंबर श्रीराम जन्मोत्सव, 6 नवंबर बाल लीला, 7 नवंबर सीता-राम विवाह उत्सव, 8 नवंबर श्रीराम बनवास एवं केवट चरित्र, 9 नवंबर भरत चरित्र एवं 10 नवंबर को श्री सुन्दरकाण्ड, श्रीराम राज्याभिषेक के साथ कथा का समापन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने आयोजक श्रीराम कथा समिति सहित समस्त नगर एवं क्षेत्रवासी जुटे हैं।

### पंथी में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आज



**सीपत।** ग्राम पंचायत पंथी में रविवार सुबह 9 बजे से सामुदायिक भवन परिसर में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। ग्राम पंचायत एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित इस शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं व ग्रामीणों के शामिल होने की संभावना है। रक्तदान करने वाले प्रत्येक रक्तदाता को प्रोत्साहन स्वरूप हेलमेट, इयरफोन अथवा लर्निंग लाइसेंस प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा सभी रक्तदाताओं को अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित भी किया जाएगा। पंथी के सरपंच वीरेंद्र साहू ने बताया कि, इस शिविर का उद्देश्य युवाओं में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाना और 'रक्तदान-जीवनदान' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाना है।

### युकां ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन



**तखतपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष अनिल कौशिक ने ग्राम पंचायत दैजा में रक्तदान शिविर का आयोजन किया, जिसमें क्षेत्र के 21 रक्तदाताओं के द्वारा रक्तदान किया गया। इस अवसर पर आयोजक अनिल कौशिक ने कहा कि, छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना हुए 25 वर्ष हो गए हैं, और हम सभी रजत जयंती मना रहे हैं। लेकिन, प्रदेश की भाजपा की सरकार केवल अपनी जयंती मना रही है। लोगों की आम समस्याओं से उन्हें कोई लेना-देना नहीं है। जनता सब देख और समझ रही है, और आने वाले समय में उन्हें जरूर सबक सिखाएगी। इस अवसर पर देवी साहू, दिवाकर यादव, शिवदास मानिकपुरी, प्रदीप कौशिक, दीपक साहू, अतुल साहू, पंकज यादव, राहुल कौशिक, सूर्यकांत साहू, अंकित कोशले, यशवंत कौशिक, नरेंद्र साहू, परदेशी साहू सहित अन्य उपस्थित रहे।

### विकासखंड स्तरीय शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज



**सकरी।** लाखासार एवं काठाकोनी संकुल के संयुक्त तत्वाधान में विकासखंड स्तरीय शिक्षक क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ काठाकोनी स्थित मैदान में शनिवार 1 नवंबर से हुआ।प्रतियोगिता का समापन 5 नवंबर को फाइनल मैच के साथ होगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीम के खिलाड़ियों से अतिथियों ने परिचय प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनपद सभापति मनहरण कौशिक ने कहा कि, शिक्षक केवल ज्ञान ही नहीं खेल में भी प्रेरणा के प्रतीक हैं। ऐसे आयोजन से टीम भावना को बल मिलता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे बीईओ कामेश्वर बैरागी ने कहा कि, खेल के इस आयोजन से शिक्षकों का उत्साह बढ़ता है, और उन्हें अपने खिलाड़ी प्रतिभा को भी निखारने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम को काठाकोनी सरपंच प्रवीण कौशिक एवं कुरेली सरपंच संजय टंडन ने भी संबोधित किया। इस दौरान अतिथियों ने खेल मैदान में पौधरोपण भी किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष वल्लभ रजक, संयोजक जीपी उपाध्याय, मार्गदर्शक, रतनदीप लाल,राजेश चौबे, शिवप्रसाद ध्रुवे, होनहार वैष्णव, दिनेश खरे, नितेश पांडे, चितराज, सोनाराज, रविन्द्र चतुर्वेदी, विजय कौशिक, अश्वनी कौशिक, अवनीश तिवारी, राजेन्द्र नामदेव, कृष्णा वर्मा, झाडू राम ध्रुव, अखिलेन्द्र पवार, संतोष छेदाम, मिलऊ राम यादव, सुनील कुर्रे, दिलीप यादव सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं दर्शक उपस्थित रहे।

# गन्ना पूजन व तुलसी विवाह संपन्न, बाजार में छाई रही रौनक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

देवउठनी एकादशी पर गन्ना पूजन व तुलसी विवाह की रस्म विधि-विधान के साथ निभाई गई। श्रद्धालुओं ने व्रत रख कर घरों में भगवान शालिग्राम एवं माता तुलसी का विवाह संपन्न कराया। रात के समय घर में रखी बांस की बनी पुरानी टोकरी, सूपा, पंखा व पर्री जलाकर परिक्रमा करते हुए श्रद्धालु अग्नि में चावल छिड़ककर भगवान का स्मरण करते रहे।

देवउठनी एकादशी को माता तुलसी का विवाह भगवान शालिग्राम के साथ होने के कारण इस दिन को तुलसी विवाह के नाम से भी जाना जाता है। तुलसी चौरा के सामने घर-आंगन की लिपाई-पुताई कर रंगोली बनाई गई। तुलसी चौरा के सामने भगवान शालिग्राम की मूर्ति रखकर गन्ने का मंडप बनाकर घर की



गन्ने का मंडप बनाकर पूजा करती महिलाएं।

चौखट के चारों ओर दीप जलाकर अमरूद, बेर, चनाभाजी, सिंघाड़ा और नारियल कंद-मूल आदि रखकर तथा धूप-दीप जलाकर तुलसी विवाह संपन्न कराया गया। चातुर्मास के बाद देवउठनी एकादशी से ही देव जागते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस दिन से शुभ कार्यों की शुरूआत होती है। शादी, गृह प्रवेश, खरीदी बिक्री जैसे कार्यों के लिए इस दिन का विशेष तौर पर इंतजार रहता है। पं दीनानाथ उपाध्याय ने बताया कि, देवउठनी एकादशी के दिन से ही स्वर्ग में देव शयन से जागते हैं। इस दिन के बाद से विवाह का मुहूर्त शुरू हो जाता है। त्यौहार के पूर्व बाजार में लोगों की भीड़ देखी गई एवं पूजा में उपयोग होने वाले सामानों की खूब बिक्री हुई। गन्ना, चना भाजी, बेर, सिंघाड़ा, अमरूद, बैगन, मूली, कद्दू व आंवला की खरीददारी लोग बाजारों में करते रहे। त्यौहार में जहां बाजार में सभी ओर भीड़ नजर आई, वहीं दूसरी ओर महंगाई के कारण लोग नाम मात्र ही खरीददारी करते रहे। गन्ना 20 से 25 रुपए प्रति नग एवं सीताफल एक नग 20-30 रुपए में बिका। वहीं सिंघाड़ा 60-80 रूपए प्रति किलो की दर से बेचा गया। महंगाई के कारण लोग केवल भोग लगाने के लिए खरीददारी करने में लगे रहे।

## नगर सहित अन्य क्षेत्रों में मनाई गई देवउठनी

**तखतपुर।** देवउठनी एकादशी पर नगर सहित आसपास के क्षेत्र में विधि-विधान के साथ तुलसी विवाह संपन्न किया गया और प्रबोधिनी एकादशी पर्व मनाया गया। देवउठनी एकादशी के पावन अवसर पर मंदिर परिसर एवं घरों में लोगों ने श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक तुलसी विवाह की संपन्न कराया। उत्सव की शुरुआथ मंगला आरती एवं तुलसी पूजन से हुआ। इसके पश्चात वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान शालिग्राम और माता तुलसी का विवाह संस्कार संपन्न कराया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उपस्थित होकर पारंपरिक रीति से भागीदारी निभाई। घरों को पुष्पों एवं दीपों से सजाया गया था। भजन-कीर्तन, आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ वातावरण भक्तिमय बना रहा।



महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में सुहाग रस्में निभाईं और तुलसी विवाह का पावन व्रत रखा। पंडित जितेंद्र शुक्ला ने बताया कि, देवउठनी एकादशी से ही विवाह पर्वों का शुभारंभ माना जाता है। इस दौरान गन्ने का मंडप तैयार कर विवाह की सभी रस्मों को पूरा किया गया। भगवान शालिग्राम को मौसमी फल और भोग अर्पित किए गए और माता तुलसी के साथ उनका विवाह संपन्न कराया गया। इस अवसर प्रतिभा शुक्ला, माही दुबे, नेहा दुबे, कुलदीप शुक्ला, नन्दिनी ठाकुर, जया श्रीवास सहित अन्य उपस्थित रहे।

## देवउठनी एकादशी पर तुलसी-शालिग्राम विवाह

**पथरिया।** नगर सहित क्षेत्र में देवउठनी एकादशी का व्रत दिन शनिवार को श्रद्धापूर्वक मनाया गया। इस विशेष अवसर पर महिलाओं ने भगवान शालिग्राम और मां तुलसी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। एकादशी के दिन शाम को महिलाओं ने अपने अपने चौका बनाकर दीप प्रज्वलित किए। उन्होंने शालिग्राम और तुलसी की पूजा कर अपने पूरे परिवार की मंगल कामना की। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, चार महीने की योग निद्रा के बाद भगवान विष्णु इस दिन जागते हैं। इसी अवसर पर भगवान विष्णु और मां तुलसी का विवाह संपन्न कराया जाता है। इस दिन से सभी शुभ कार्य जैसे शादी-विवाह और गृह प्रवेश फिर से शुरू हो जाते हैं। महिलाओं ने तुलसी माता के स्थान पर देवी-देवताओं के चित्र स्थापित कर पूजा-अर्चना की।



## गन्ने का मंडप सजाकर संपन्न कराया गया तुलसी विवाह

**लोरमी।** हिन्दू धर्म में सबसे शुभ और पुण्यदायी व सभी व्रतों में श्रेष्ठ देवउठनी एकादशी का पर्व सुकली में उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आंगन में तुलसी चौरा को विशेष रूप से सजाकर गन्ने का मंडप बनाया गया एवं पारम्परिक ढंग से माता तुलसी का विवाह शालिग्राम के साथ समपन्न कराया गया। भगवान विष्णु के सांकेतिक स्वरूप शालिग्राम और माता तुलसी की विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर मौसमी फल केला, सेब, मूंगफली, सिंघाड़ा एवं घरों में बनाए व्यंजन का भोग लगाया। छोटी दिवाली के रूप में मनाए जाने वाले इस पर्व पर घरों को रंगोली से सजाया गया एवं दीए जलाकर रोशनी की गई। बच्चों ने पटाखे फोड़ कर आतिशबाजी की एवं उत्साह के साथ पर्व को मनाया।



# साव ने किया मुंगेली व्यापार मेला 2025 के ब्रोशर का विमोचन



ब्रोशर का विमोचन करते डिप्टी सीएम अरूण साव।

**मुंगेली।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने 'मुंगेली व्यापार मेला 2025' के ब्रोशर का विमोचन किया। 'मुंगेली के त्यौहार' के नाम से प्रसिद्ध यह भव्य आयोजन 25 नवंबर से 30 नवंबर तक छह दिवसीय उत्सव के रूप में किया जाएगा।

स्टार्स ऑफ टुमारो वेलफेयर सोसायटी, मुंगेली के प्रतिनिधि मंडल ने उप मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सौजन्य भेंट कर उप मुख्यमंत्री को आमंत्रण पत्र सौंपा तथा मेले के उद्घाटन समारोह में शामिल होने का निवेदन किया। इस पर श्री साव ने उद्घाटन में उपस्थित होने का आश्वासन देते हुए आयोजन समिति को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। विमोचन के अवसर पर आयोजन समिति के संयोजक रामपाल सिंह, सह संयोजक रामशरण यादव, अध्यक्ष महावीर सिंह, सचिव विनोद यादव, कोषाध्यक्ष धनराज परिहार, तथा गौरव जैन उपस्थित रहे। पिछले नौ वर्षों से निरंतर आयोजित हो रहा मुंगेली व्यापार मेला अब 10वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है। यह मेला जिले के औद्योगिक, व्यापारिक और सामाजिक विकास को नई दिशा प्रदान करने वाला प्रमुख आयोजन बन चुका है। इस वर्ष भी मेले में देशभर के प्रमुख उत्पादों, हस्तशिल्प, टेराकोटा, खादी ग्रामोद्योग, बस्तर आर्ट, महिला गृह उद्योग, हर्बल प्रोडक्ट, इलेक्ट्रनिक्स, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, ऑटोमोबाइल एवं लघु-कुटीर उद्योगों के साथ शासन की विभिन्न योजनाओं के स्टॉल लगाए जाएंगे। साथ ही हर शाम परिवारों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम, मनोरंजन से भरपूर झूला घर और स्थानीय कला संस्कृति का रंगारंग प्रदर्शन मेले का विशेष आकर्षण रहेंगे।

# एटीआर में जंगल सफारी शुरू, पहले दिन उमड़ी भीड़



**लोरमी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर 1 नवम्बर से अचानकमार टाइगर रिजर्व में जंगल सफारी सीजन का विधिवत शुभारंभ किया गया। पर्यटकों को पारदर्शी एवं सुविधाजनक सेवा प्रदान करने के उद्देश्य से इस वर्ष एटीआर प्रबंधन ने सफारी एवं रिसॉर्ट बुकिंग हेतु ऑनलाइन बुकिंग प्रणाली को अनिवार्य किया है। प्रबंधन की ओर से पर्यटकों के लिए बढ़ाई गई सुविधाओं और किफायती दरों के निर्धारण से उद्घाटन दिवस पर ही पर्यटकों की भारी भीड़ रही। सभी आगंतुकों ने एटीआर की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर जंगल सफारी एवं रिसॉर्ट का आनंद लिया।

> ■ नई सुविधाओं के साथ पर्यटकों ने उठाया सफारी का लुफ्त

सफारी प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक तथा उप संचालक के मार्गदर्शन में सहायक संचालक एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी कोटा बफर ने सभी सफारी वाहन चालकों एवं गाइडों को शुभकामनाएं दी। साथ ही प्रतीक स्वरूप कैप एवं मिठाई का वितरण किया गया। इस अवसर पर सभी चालकों एवं गाइडों को पर्यटन के दौरान राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण के जारी दिशा-निर्देशों का कड़ाई से पालन करने हेतु निर्देशित किया गया। तत्पश्चात वरिष्ठ अधिकारियों ने शिवतराई रिसॉर्ट से पर्यटकों से भरी सफारी गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। प्रथम पाली में आए पर्यटकों का स्वागत मुख्य वन्य संरक्षक एवं क्षेत्र निदेशक, उप संचालक के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर सहायक संचालक एवं वन परिक्षेत्र अधिकारी कोटा बफर ने पर्यटकों से संवाद कर फीडबैक प्राप्त किया। पर्यटकों ने अचानकमार प्रबंधन के प्रयासों की सराहना करते हुए सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। पर्यटकों ने सफारी के दौरान चीतल, गौर सहित अनेक वन्य प्राणियों को एटीआर के सुंदर प्राकृतिक परिदृश्य में देखा और उसे यादगार अनुभव बताया। इस महीने के सप्ताह के अंत के ज्यादातर स्लॉट बुक हो चुके हैं, जो अचानकमार की बढ़ती लोकप्रियता का प्रमाण है। जानकारी के मुताबिक लास्ट मिनट बुकिंग तत्काल सुविधा की तैयारी भी प्रबंधन की ओर से की जा रही है। साथ ही इस वर्ष शुरू की गई नई "महारानी जीप्सी" को भी पर्यटकों ने खूब सराहा एवं जिप्सी के साथ सफारी अनुभव को रोमांचक बताया। अंत में अचानकमार टाइगर रिजर्व प्रबंधन ने सभी आगंतुकों को राज्य स्थापना दिवस एवं देवउठनी एकादशी के पावन पर्व की शुभकामनाएं दी।

## स्वामी विवेकानंद स्कूल में मना राज्य स्थापना दिवस




**बेलतरा।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर बेलतरा में शिक्षक-अभिभावक समिति के तत्वावधान में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। सभी ने छत्तीसगढ़ की संस्कृति, परंपरा एवं विकास यात्रा पर अपने विचार व्यक्त किए। इस मौके पर समिति की बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें विद्यालय को आगे बढ़ाने पर चर्चा हुई। साथ ही विद्यालय की परेशानियों को लेकर चर्चा कर निराकरण किया गया। अंत में सभी ने छत्तीसगढ़ महतारी के जयकारों के साथ एक-दूसरे को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार से गगन कुमार कौशिक, डूलेशवर भारती, शुभम, शांति, वर्षा, पूर्णिमा, शांति, आकांक्षा, दीप्ति, आशी, संगीता आदि उपस्थित रहे। साथ ही अभिभावक समिति के अध्यक्ष नागेश्वर बैशवाड़े, उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, सदस्य दिनेश राज, नरेंद्र कश्यप, किम्मी पंद्रो, रितु धीवर, सुनीता मरकाम, शारदा रजक आदि भी मौजूद रहे।

## एयरपोर्ट चौक पर की गई छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना



**बोदरी।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर एयरपोर्ट जाने वाले मार्ग चौक पर सर्व छत्तीसगढ़िया समाज ने छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण किया। इस मौके पर युवा कांग्रेस के अध्यक्ष सुनील साहू ने कहा कि, बोदरी का दुर्भाग्य है कि छत्तीसगढ़ राज्य बनने के 25 वर्ष बाद भी आज तक नगर पालिका में कहीं पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा स्थापित नहीं की गई है। उन्होंने कहा कि, जब कांग्रेस की सरकार थी तो मैंने इस चौक पर छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा लगाने की मांग की थी, जो पास भी हो गई थी। लेकिन प्रदेश में बीजेपी की सरकार और नगर पालिका में आम आदमी पार्टी के आते ही यह कार्य फिर से रुक गया। आज फिर से राज्य स्थापना दिवस पर हम सरकार से अपनी मांग को दोहरा रहे हैं। इस मौके पर बोदरी मंडल अध्यक्ष वीरेन्द्र कौशिक, पूर्व नागर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दिवाकर दुबे, पूर्व एल्डरमैन राज बनवारे, नवीन, सत्यम, मोंटी एवं समस्त छत्तीसगढ़िया समाज के लोग उपस्थित रहे।

## कांग्रेसियों ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा कर मनाया राज्योत्सव



**मुंगेली।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को कृषि उपज मंडी परिसर में स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्योत्सव मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर पालिका अध्यक्ष रोहित शुक्ला एवं पूर्व मंडी अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय ने छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना से की। रोहित शुक्ला ने कहा कि, छत्तीसगढ़ राज्य हमारी मातृभूमि की भावना को दर्शाता है, जिसकी संस्कृति, परंपरा और मेहनतकश जनता पर हमें गर्व है। पूर्व मंडी अध्यक्ष आत्मा सिंह क्षत्रिय ने कहा कि, यह दिन हर छत्तीसगढ़वासी के लिए गर्व का प्रतीक है। कार्यक्रम में पूर्व मंडी सदस्य देवेंद्र वैष्णव, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष अभिलाष सिंह, युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष राजेश छैदईया, शहर कांग्रेस उपाध्यक्ष राहुल रूपवानी, पूर्व एनएसयूआई जिलाध्यक्ष पोखराज बंजारे एवं वरिष्ठ कांग्रेसी जवाहर सोनी और चंदन टंडन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

**आम-सूचना**

मैं अपने पक्षकार के द्वारा अधिकृत व निर्दिष्ट होकर यह आम सूचना का प्रकाशन करवाता हूँ।

यह कि मेरे पक्षकार (विक्रेता) कौशिल्या बाई यादव पति जीवन लाल यादव पता सिरगिट्टी बिलासपुर छ.ग के द्वारा द्वितीय पक्ष (क्रेता) राकेश कुमार साहू पिता स्व. सीताराम साहू पता- देवरीखुर्द बिलासपुर के मध्य, मौजा-महमंद, प.ह.न. 44, रा.नि.म. सिरगिट्टी तह व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि खसरा नं. 511/170 रकबा 2100 वर्गफुट को, विक्रय का इकरारनामा दिनांक 28/08/2025 को निष्पादित किया गया था।

इकरारनामा में उल्लेखित शर्तो के अनुसार बतौर बयाना राशि 21,000 रुपये विभिन्य माध्यमो से प्राप्त किया गया था, तथा 2 माह के निकट पंजीयन निष्पादित करवाने की शर्त थी।

इकरारनामा के शर्तों के अनुसार अगर किसी कारणवश द्वितीय पक्ष पंजीयन करवाने में असमर्थ रहता है तो बतौर बयाना राशि प्राप्त राशि को मेरे पक्षकार (विक्रेता) के द्वारा द्वितीय पक्ष (क्रेता) को वापस किया जायेगा।

चूंकि दिनांक 28/10/2025 तक द्वितीय पक्षकार (क्रेता) के द्वारा पंजीयन के सम्बन्ध मे न तो मेरे पक्षकार (विक्रेता) से कोई सम्पर्क किया गया, न ही पंजीयन में निष्पादित करवाने में रुची दिखाई गई।

अत: आज दिनांक 29/10/2025 को उक्त भूमि के विक्रय का इकरारनामा के शर्तो के अनुसार बतौर बयाना राशि प्राप्त 21,000 रुपये को द्वितीय पक्ष (क्रेता) के एस.बी.आई.बैंक शाखा-रेल्वे बिलासपुर मे उक्त राशि को जमा कर दिया गया तथा उपरोक्त निष्पादित इकरारनामा को दिनांक 29/10/25 को शुन्य घोषित किया जाता है।
सो सुचना जाने
दिनांक 1/11/2025
स्थान बिलासपुर

**अधिवक्ता**
**हेमन्त कुमार दिव्य**
**कार्यालय-ओमनगर जरहाभाठा**
**बिलासपुर मो. 7000599300**

**कार्यालय पटवारी हल्का नं. 27**
**मौजा लगरा, तह. बिलासपुर**
**सूचना**

प्रति,
1.श्री मनीष सोनी-आवेदक 2. कार्तिक सोनी - समीपी भूमि स्वामी 3. शुभम गुप्ता..''.. 4. सरपंच ग्रा.पं. लगरा..''..।
**विषय:** सीमांकन बाबत सूचना।
**संदर्भ:** न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर का ज्ञापन दिनांक 15/10/25

संदर्भित विषयांतर्गत आवेदक मनीष सोनी पिता जगदीश सोनी निवासी खपरगंज द्वारा मौजा लगरा प.ह.नं. 27 स्थित भूमि ख.नं. 15001/1, रकबा 3.99 हे. का सीमांकन हेतु आदेश प्राप्त हुआ है।

उक्त आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि ख.नं.15001/1, रकबा 3.99 हे.का सीमांकन दिनांक 05/11/2025 को दोप. 2.00 से किया जायेगा। अत: आप अपने दस्तावेज सहित उपस्थित रहें।

**पटवारी**
**ग्राम-चांटीडीह, प.ह.नं. 33**
**तहसील-बिलासपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय पटवारी हल्का नं. 27**
**मौजा लगरा, तह. बिलासपुर**
**सूचना**

प्रति,
1. नीमा सोनी: आवेदक 2. मनीष सोनी: समीपी भूमि स्वामी 3.सरपंच ग्रा.पं. लगरा।
**विषय:** सीमांकन बाबत सूचना।
**संदर्भ:** न्यायालय नायब तहसीलदार बिलासपुर का ज्ञापन दिनांक 15/10/2025

संदर्भित विषयांतर्गत आवेदक श्रीमती नीमा सोनी पति मनीष कुमार निवासी खपरगंज द्वारा मौजा लगरा प.ह.नं. 27 स्थित भूमि ख.नं. 15001/2, रकबा 0.729 हे. का सीमांकन हेतु आदेश प्राप्त हुआ है।

उक्त आदेश के परिपालन में आवेदित भूमि ख.नं.15001/2, रकबा 0.729 हे. का सीमांकन दिनांक 05/11/2025 को दोप. 2.00 के बीच किया जायेगा। अत: आप अपने दस्तावेज सहित उपस्थित रहें।

**पटवारी**
**ग्राम-चांटीडीह, प.ह.नं. 33**
**तहसील-बिलासपुर (छ.ग.)**

**आम सूचना**

मैं सीमा चरण पति जय चरण उम्र 45 वर्ष निवासी हेमू नगर गली नम्बर 14 बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. की हूं। मेरे द्वारा ग्राम दोमुहानी प.ह.नं. 43 रा.नि.म. बिलासपुर विकास खण्ड बिल्हा तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि खसरा नम्बर 187/10 क्षेत्रफल 945 वर्गफुट जो राजस्व अभिलेखों में एस मुकेश राव पिता एस कोंडल राव एवं एस सुरेश राव पिता एस कोंडल राव निवासी न्यू कंट्रोल ब्लाक बिलासपुर के नाम पर दर्ज है तथा उनके स्वामित्व आधिपत्य कब्जे की भूमि है जिसका मेरे द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया गया है। किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरी कोई जवाबदारी नहीं होगी। सो सूचना जानें।
दिनांक.....................

भवदीय
सीमा चरण पति जय चरण उम्र 45 वर्ष
निवासी हेमू नगर गली नम्बर 14
बिलासपुर तहसील व
जिला बिलासपुर छ.ग.
मो.नं. 7024822149, 7697368454

**आम सूचना**

मैं दीपा बाई यादव पति श्री तुका यादव उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम रामगढ़ तहसील व जिला मुंगेली छ.ग. की हूं। मेरे द्वारा बिलासपुर नगर निगम सीमा अंतर्गत नजूल भूमि शीट नम्बर 18 भू-खण्ड क्रमांक 32/3 क्षेत्रफल 1160 वर्गफुट को भूमि स्वामी लकेशरी बरेठ पति गोपेश्वर प्रसाद बरेठ निवासी मंगला बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. से खरीदने का पक्का सौदा कर खरीद रही हूं। किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को उक्त भूमि के संबंध में किसी प्रकार का कोई दावा आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के एक सप्ताह के भीतर प्रस्तुत करें। अन्यथा मेरी कोई जवाबदारी नहीं होगी। सो सूचना जाने।
दिनांक...................

भवदीय
दीपा बाई यादव
पति श्री तुका यादव उम्र 55 वर्ष
निवासी ग्राम रामगढ़ तहसील व
जिला मुंगेली छ.ग.
मो.नं. 7470388446, 9131359703

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर छ.ग.**

**नाम परिवर्तन/शपथ पत्र**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुराना नाम मीना दुबे पति करूणाकर प्रसाद दुबे है। मैं अपना पुराना नाम को बदलकर नया नाम मीनू दुबे पति करूणाकर प्रसाद दुबे रख ली हूँ, अत: अब भविष्य में मूझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजों में नया नाम मीनू दुबे पति करूणाकर प्रसाद दुबे के नाम से जाना एवं पहचाना, लिखा, पढा, जाये जिस बाबत यह शपथ पत्र मेरा नाम परिवर्तन करने हेतु निष्पादित करती हूँ।

**शपथकर्ता**
**नाम- मीनू दुबे**
**पति-करूणाकर प्रसाद दुबे**
**निवासी-जे.पी. विहार मंगला,**
**बिलासपुर**
**जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मस्तुरी, जिला-बिलासपुर,छ.ग.
**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.-/अ-2/2025-26
मौजा सीपत, म.न. 04, प.ह.न. 04,
तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर, छ.ग.
प्रशांत कुमार पटेल पिता रामलाल पटेल, एवं अन्य 01 निवासी रामपुर, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर, छ.ग....आवेदक/आवेदिका
विरुद्ध
छ.ग.शासन.....................अनावेदक

एतद् द्वारा ग्राम सीपत, म.न. 04, प.ह.नं. 04, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर, छ.ग. के आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका प्रशांत कुमार पटेल पिता रामलाल पटेल, एवं अन्य 01, निवासी रामपुर, तहसील सीपत, जिला-बिलासपुर छ.ग. ने उपस्थित होकर मौजा सीपत, म.न. 04, प.ह.नं. 04, तहसील सीपत, जिला- बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 867/4, रकबा 0.0610 हे. में से 2180 वर्गफीट भूमि को छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा-172 के तहत आवासीय हेतु डायवर्सन कराने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 13.11.2025 के लिये नियत है।

अत: तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो अपना दावा/आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई तारीख तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 29.10.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर से जारी किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मस्तूरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं अपने पक्षकार श्रीमती माया पिता श्री गोपीनाथ पिल्लई, पति श्री अनुप सदाशिवन निवासी सी-32 रिवर व्यू कॉलोनी कोनी तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की हूं जो निम्न आशय की सूचना प्रकाशित करती हूँ की मेरे स्वामित्व आधिपत्य की सम्पत्ति भूमि मौजा कोनी म.नं.02, प.ह.नं. 23, रा.नि.मं. कोनी तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित है। जिसका खसरा नम्बर 80/46 शामिल खसरे (80/47, 80/48, 81/30, 82/30) जिसका मकान नं.C-32 है, ये सम्पत्ति मैने श्री गुरूपद दास से सन 2009 में खरीदी थी, श्री गुरूपद दास जी ने संपत्ति मेसर्स शुभम डेवलपर्स से दिनांक 09.09.2004 में सेल डीड क्रमांक 3304 द्वारा खरीदी गई थी जिसकी मूल सत्य लिपी मुझसे खो गई है।

उक्त संपत्ति को मैने क्रेता श्री विवेक प्रल्हाद वानरे निवासी शुभम विहार बिलासपुर के पास विक्रय कर पक्का सौदा किया है, उपरोक्त वर्णित संपत्ति है, यदि किसी भी प्रकार की वाद-विवाद की स्थिति उत्पन्न होती है जो उसकी समस्त जिम्मेदारी मेरे पक्षकार श्रीमती माया पिता श्री गोपीनाथ पिल्लई पति श्री अनुप सदाशिवन की होगी।

उक्त संपत्ति के सौदे से यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक को कोई आपत्ति हो तो 7 दिवस के भीतर मुझसे दस्तावेज सहित सम्पर्क करे आपत्ति प्रस्तुत करे उस अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की दावा मान्य नही होगी। सो अवगत होवे।

भवदीय
संगीता तिवारी (अधिवक्ता)
मो. 9399700430

## खबर संक्षेप

### सरदार पटेल ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई



**बिलासपुर।** भाजपा जिला बिलासपुर शहर द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर सिम्स स्थित सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर बिल्हा विधायक धरमलाल कौशिक ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की आजादी के बाद भारत को एक मजबूत राष्ट्र के रूप में एकजुट करने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 550 से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य में मिलाने का कठिन कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया। बिलासपुर विधायक अमर अग्रवाल ने कहा कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका निभाई और खेड़ा सत्याग्रह, नागपुर ध्वज आंदोलन और विशेष रूप से बारडोली सत्याग्रह का सफल नेतृत्व किया। बारडोली आंदोलन के दौरान किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए उनके अडिग नेतृत्व और संघर्ष को देखकर वहां की जनता ने उन्हें सरदार की उपाधि दी। कार्यक्रम में भाजपा शहर जिलाध्यक्ष दीपक सिंह, जिलाध्यक्ष मोहित जायसवाल, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, अजीत सिंह भोगल, प्रदीप कौशिक, गुलशन ऋशि, विनोद सोनी, रितेश अग्रवाल, किशोर राय, देवेश खत्री, संध्या चौधरी, अंजना देवांगन, विरेन्द्र चौधरी, महर्शि बाजपेयी, अनिल चौहान, विरेन्द्र शाह, मोनू जायसवाल, डीके साहू, मनीश शुक्ला, अनिल सूर्या सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### स्वामी आत्मानंद शासकीय आदर्श महाविद्यालय में मनी जयंती



**बिलासपुर।** स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम आदर्श महाविद्यालय में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर यूके श्रीवास्तव ने वल्लभ भाई पटेल के जीवनी के बारे में छात्र-छात्राओं को संबोधित किए। सभी छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापकों को शपथ दिलाए। महाविद्यालय में वाद विवाद प्रतियोगिता तथा निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रोग्राम में महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक डॉक्टर राजकुमार सचदेव, प्रोफेसर बीके त्रिपाठी, डॉ प्रेमलता वर्मा, प्रोग्राम ऑफिसर प्रोफेसर एल के गवेल एवं महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### छत्तीसगढ़ सरयूपारीण ब्राह्मण समाज ने मनाई आंवला नवमी



**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ सरयूपारीण ब्राह्मण समाज द्वारा रतनपुर गिरजाबन हनुमान मंदिर प्रांगण में आंवला नवमी मनाया गया। इसमें आर्यावर्त ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारियों ने भी शिरकत की। कार्यक्रम में महंत तारकेश्वर पुरी महाराज, महंत दिव्यकांत दास महाराज, डॉ एस सी शर्मा, रेखेन्द्र तिवारी ओमप्रकाश दुबे आदि मौजूद थे। महंत तारकेश्वरपुरी महाराज एवं महंत दिव्यकांत दास महाराज के मार्गदर्शन में ब्राह्मण समाज की महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने आंवला वृक्ष के नीचे विधिवत पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर एचडी मिश्रा, बलराम पांडेय, अश्वनी दुबे, राजेंद्र मिश्रा, रविंद्र दुबे, दिनेश पांडे, राजेश शर्मा, संतोष शर्मा, ओमप्रकाश दुबे, नीलू पांडे, लक्ष्मी पांडे, रश्मि शर्मा, रजनी शर्मा, अनिल शर्मा, संजय दीक्षित, नैना पांडे, शशि तिवारी, आकाश पाठक, अंकित शर्मा, प्रवीण दीवान, विद्यानंद शर्मा, वीरेंद्र गौराहा, सुरेंद्र द्विवेदी, संगीता शर्मा आदि मौजूद थे।

### रश्मि महिला पतंजलि की जिला प्रभारी नियुक्त

**बिलासपुर।** महिला पतंजलि के जिला प्रभारी के पद पर रश्मि श्रीवास्तव का चयन किया गया। महिला पतंजलि कार्यालय में आयोजित बैठक में पूर्व महिला पतंजलि जिला प्रभारी हेमलता साहू की अध्यक्षता में सर्व सम्मति से उनका चयन किया गया।सोशल मीडिया प्रभारी रिंकी राजपूत, कार्यकारिणी सदस्य संतोषी गुप्ता, किरण साहू, मालती यादव का चयन किया गया। तत्पश्चात हरिद्वार में महिला पतंजलि की बैठक की तारीख एवं रूपरेखा पर चर्चा कर नाम चयनित किया गया। आभार संवाद प्रभारी संतोषी यादव ने किया। बैठक में मोना बोड़खे, शकुंतला वर्मा, आशा सोनी, सीमा शर्मा, राजश्री प्रसाद, पंचकुंवर, मालती बद्रीमती, रामकुमारी सोनी, आरती दांडेकर, अनीता पाटनवर, कमला अग्रवाल आदि मौजूद थीं।



### दीवार पर स्वच्छता सर्वेक्षण, सड़क पर कचरा, संक्रमण फैलने का खतरा




**बिलासपुर।** कुदुदंड इलाके में नगर निगम द्वारा एक दीवार पर स्वच्छता सर्वेक्षण संबंधी वाल राइटिंग कराई गई है। इसके सामने लोगों ने कचरे का ढेर लगा रखा है। इस कचरे को नगर निगम द्वारा उठवाया नहीं जा रहा है। कचरे के कारण आसपास संक्रमण फैलने का खतरा मंडरा रहा है। आसपास रहने वालों के अनुसार इस स्थान पर कचरे डालने के लिए टंकी नहीं रखी गई है, जिसके कारण लोग सड़क पर कचरा फेंक देते हैं। समय पर कचरे का उठाव भी नहीं किया जाता है।

---

**प्रदेश में स्कूली शिक्षा में किए जा रहे कई बदलाव** | 6 वीं में आर्ट, फिजिकल एजुकेशन और वोकेशनल कोर्स शामिल किए जा रहे

# 10 लाख बच्चों के लिए छपेंगी नई किताबें, तीसरी व 6 वीं के बच्चे पढ़ेंगे 9 विषय

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 लागू करने के तहत छत्तीसगढ़ में स्कूली और उच्च शिक्षा में कई बदलाव किए जा रहे हैं। कक्षा पहली, दूसरी, तीसरी और 6वीं में नए विषय जुड़ रहे हैं। तीसरी में अब बच्चे 4 की जगह 6 विषय पढ़ेंगे। वहीं, 6वीं के छात्रों को 6 की जगह 9 विषय पढ़ाए जाएंगे।

तीसरी में आर्ट और फिजिकल एजुकेशन (योग) जोड़ा जा रहा है। जबकि 6वीं में आर्ट, फिजिकल एजुकेशन और वोकेशनल कोर्स शामिल किया जा रहा है। इन विषयों के अंतर्गत तीसरी व 6 वीं के लिए पाठ्यक्रम भी तैयार हो गया है। दोनों कक्षाओं के लिए सैंपल किताबें भी छप चुकी हैं। अब नया सत्र शुरु होने से पहले करीब 10 लाख बच्चों के लिए किताबें छापी जाएंगी। इसके बाद अगले सालों में एक-एक कक्षाओं के लिए किताबें छपती जाएंगी। ध्यान रहे कि अभी 6वीं में हिंदी, संस्कृत, अंग्रेजी, गणित, विज्ञान व सामाजिक विज्ञान के विषय हैं। अधिकारियों के अनुसार एनसीईआरटी ने स्कूली पाठ्यक्रमों में बदलाव किए हैं। उसी के तहत यहां भी नए विषयों को शामिल किया गया है। पहले चरण में कक्षा 1,2,3 और 6वीं में कुछ बदलाव हुए हैं।

जल्द ही इन विषयों की किताबों की छपाई के लिए पाठ्यपुस्तक निगम को पांडुलिपियां भेजी जाएंगी। इसके बाद आने वाले सत्रों में बाकी कक्षाओं के सिलेबस में चरणबद्ध बदलाव किए जाएंगे। अभी जिस तरह छात्रों को मुफ्त में पुस्तकें दी जा रही हैं, उसी तरह नए विषयों की किताबें भी छात्रों को फ्री में मिलेंगी। नए विषयों को जोड़ने की कवायद इस पूरे सत्र के दौरान की गई।

### परीक्षा लेने का पैटर्न तैयार होना बाकी

अधिकारियों के मुताबिक तीसरी के बाद चौथी की किताबें वहीं 6वीं के बाद 7वीं कक्षा के लिए किताबें ये सिलसिला 12वीं तक चलेगा। खास बात यह है कि शुरू किए जा रहे नए विषय वैकल्पिक नहीं हैं बल्कि ये सभी छात्रों के लिए अनिवार्य हैं। सभी को इन विषयों की पढ़ाई करनी होगी। सभी विषयों की पढ़ाई के लिए घंटे भी निर्धारित कर लिए गए हैं। इसी सत्र से किताबें स्कूलों तक पहुंच जाएंगी। वहीं इन विषयों के पाठ्यक्रम को बच्चों को पढ़ाने के लिए शिक्षको को ओरिएंटेशन प्रोग्राम आयोजित कर ट्रेनिंग देंगे। इसकी तैयारी भी पूरी कर ली गई है। बस इन विषयों के लिए बच्चों की परीक्षा लेने का पैटर्न तैयार होना बाकी है।

### हाईकोर्ट से पहले ही आ चुका फैसला

डीपी विप्र कालेज को यूजीसी द्वारा 19 जनवरी 2024 को नैक ए-ग्रेड कालेज के आधार पर आटोनामस की मान्यता प्रदान कर दी गई थी। लेकिन अटल यूनिवर्सिटी कुछ खामियों की वजह से अधिसूचना जारी नहीं की थी। इस मामले को लेकर डीपी विप्र कालेज उच्च न्यायालय गई थी और उच्च न्यायालय के सिंगल बेंच ने यूनिवर्सिटी के आपत्ति को खारिज करते हुए 3 मई 2025 को फैसला दिया था। इस आदेश को अटल यूनिवर्सिटी ने उच्च न्यायालय के डिवीजन बेंच में अपील की थी। डिवीजन बेंच ने भी यूनिवर्सिटी की अपील खारिज करते हुए डीपी विप्र कालेज को आटोनामस की अधिसूचना जारी करने का आदेश दिया था। उच्च न्यायालय के डिवीजन बेंच का यह फैसला 30 जून 2025 को आया था।

### स्थानीय बोलीं भी पाठ्यक्रम में शामिल

स्कूली पाठ्यक्रम में छत्तीसगढ़ी और स्थानीय बोलियों पर भी जोर दिया जा रहा है। इसके तहत आदिवासी क्षेत्र के बच्चे स्थानीय बोली जैसे- हल्बी, गोंडी में पढ़ाई करेंगे। पहली से 5वीं की किताबों में इन्हें शामिल किया जाएगा। जानकारों ने बताया कि इसके लिए विषय विशेषज्ञों की कमेटी बनाई गई है। अगले कुछ दिनों में पाठ्यक्रम की रूपरेखा तैयार कर ली जाएगी। पाठ्यक्रम तैयार होने के बाद उसे पढ़ाई का हिस्सा बनाया जाएगा।

### स्थानीय अस्मिता को ध्यान में रखते हुए अपडेट किया जा रहा

कक्षा 1,2,3 और 6 की एनसीईआरटी की किताबों को छत्तीसगढ़ की बौद्धिक, सांस्कृतिक और विरासतीय संदर्भों और स्थानीय अस्मिताओं को ध्यान में रखते हुए अपडेट किया जा रहा है। इन किताबों की पांडुलिपि आने वाले दिनों में तैयार कर पाठ्यपुस्तक निगम को हैंडओवर की जाएंगी।

– **जेपी रथ**, उप संचालक, एससीईआरटी

---

हाईकोर्ट में 25 वां स्थापना दिवस उत्साह एवं गरिमापूर्वक मनाया गया

# न्याय, निष्ठा और सेवा का यह दीप आने वाली पीढ़ियों तक प्रज्वलित रखें: चीफ जस्टिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ राज्य गठन के साथ छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के 25 वर्ष पूर्ण होने पर शनिवार एक नवंबर 2025 को स्थापना दिवस समारोह का आयोजन उच्च न्यायालय में यूनिटी सभागार में उत्साह एवं गरिमापूर्वक किया गया। चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा के आगमन पश्चात राष्ट्रगान व छत्तीसगढ़ राज्यगीत से कार्यक्रम की शुरुआत हुई।

इस अवसर पर चीफ जस्टिस ने कहा कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय अपनी स्थापना के 25 गौरवशाली वर्षों की यात्रा का उत्सव मना रहा है। यह यात्रा 01 नवम्बर, 2000 को राज्य के गठन एवं उच्च न्यायालय की स्थापना के साथ प्रारंभ हुई थी। यह दिवस केवल समय का प्रतीक नहीं, बल्कि उन सामूहिक विचारों, समर्पण और निष्ठा का सम्मान है, जिन्होंने वर्ष 2000 से इस संस्था का मार्गदर्शन किया है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने विगत 25 वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति की है। न्यायिक प्रक्रिया और अधोसंरचना के सुदृढ़ीकरण के साथ-साथ न्याय को अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाने हेतु तकनीकी नवाचारों को अपनाया गया है।

उन्होंने कहा कि न्यायालय की उपलब्धियाँ केवल आँकड़ों से नहीं, बल्कि जनता के विश्वास और आस्था से मापी जाती हैं। इस संस्था की वास्तविक शक्ति इसके न्यायाधीशों, अधिकारियों, कर्मचारियों और अधिवक्ताओं में निहित है, जिन्होंने अपने समर्पण, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा से इस न्यायालय की प्रतिष्ठा को ऊँचाई दी है। बार और बेंच के मध्य सहयोग एवं आपसी सम्मान ने न्याय की गुणवत्ता दी है। बार और बेंच के मध्य सहयोग एवं आपसी सम्मान ने न्याय की गुणवत्ता और विश्वसनीयता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### जनता का विश्वास ही इस न्यायालय की सबसे बड़ी शक्ति और प्रेरणा

चीफ जस्टिस ने छत्तीसगढ़ की जनता के प्रति भी कृतज्ञता व्यक्त की और कहा कि "जनता का विश्वास ही इस न्यायालय की सबसे बड़ी शक्ति और प्रेरणा है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय न्याय, निष्ठा और सेवा का यह दीप आने वाली पीढ़ियों तक प्रज्वलित रखे।" उपरोक्त कार्यक्रम को जस्टिस संजय के. अग्रवाल एवं न्यायमूर्ति संजय एस. अग्रवाल के द्वारा भी संबोधित किया गया। समारोह में जस्टिस संजय के. अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पार्थ प्रतीम साहू, श्रीमती रजनी दुबे, नरेश कुमार चन्द्रवंशी, दीपक कुमार तिवारी, सचिन सिह राजपूत, राकेश मोहन पाण्डेय, राधाकिशन अग्रवाल, संजय कुमार जायसवाल, रविन्द्र कुमार अग्रवाल, न्यायाधीश अरविन्द कुमार वर्मा, न्यायाधीश विभू दत्त गुरु एवं अमितेन्द्र किशोर प्रसाद की गरिमामय उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिला न्यायालय धमतरी एवं व्यवहार न्यायालय कुरूद में नव-निर्मित अधिवक्ता भवन का वर्चुअल उद्घाटन किया गया। रजिस्ट्रार जनरल छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के द्वारा स्वागत भाषण प्रस्तुत किया गया एवं समापन निदेशक छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी के धन्यवाद ज्ञापन से हुआ।

---

**लखराम एनीकट में चार मगरमच्छ होने का मामला**

# मगरमच्छों का अब तक रेस्क्यू नहीं जान बचाने 'मुनादी' का सहारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

खूंटाघाट बांध से लखराम एनीकट पहुंचे चार मगरमच्छों का रेस्क्यू अब तक नहीं किया जा सका है। सिंचाई विभाग की सूचना पर वन विभाग की टीम लखराम एनीकट गई जरूर थी, लेकिन एनीकट में जलभराव देखकर फिलहाल गांव में सतर्क रहने व एनीकट में न नहाने संबंधी मुनादी करने की सरपंच को समझाइश देकर वापस लौट गई।

■ रेस्क्यू करने पहुंची वन विभाग की टीम पानी देखकर लौटी

लखराम एनीकट में मगरमच्छों ने अपना बसेरा कब से बनाया है यह तो किसी को नहीं पता है, लेकिन एनीकट में मगरमच्छ हैं इस बात की जानकारी गांव में विगत पंद्रह दिनों से है। इसी तरह सिंचाई विभाग द्वारा एनीकट में मगरमच्छ होने की सूचना एक सप्ताह पूर्व वन विभाग को दी गई, लेकिन इनका रेस्क्यू अब तक नहीं किया जा सका है।

ग्रामीणों के अनुसार वन विभाग की टीम सूचना मिलने के दूसरे दिन मौके पर पहुंची थी, लेकिन एनीकट में जलभराव अधिक होने के कारण रेस्क्यू करना संभव नहीं हो सका है। टीम के द्वारा मगरमच्छों के रेस्क्यू होने तक सरपंच को गांव में मुनादी करवाने की सलाह दी गई है, ताकि ग्रामीण एनीकट में नहाने ना जाएं। ग्रामीणों द्वारा कुछ दिनों पूर्व फिर से एक मगरमच्छ के एनीकट की सतह पर दिखाई देने की जानकारी दी गई है।

### जानकारी नहीं है

हमने सूचना मिलते ही इस संबंध में वन विभाग को रेस्क्यू करने के लिए जानकारी भेज दी थी। वर्तमान में मगरमच्छों का रेस्क्यू हो सका है या नहीं, इसकी जानकारी नहीं है।

**-पीएन श्रीवास्तव**, एसडीओ जलसंसाधन खारंग डिवीजन

### मुनादी कराई गई थी

सूचना मिलने के दूसरे दिन वन विभाग की टीम आई थी। मुझे भी बुलाया गया था। एनीकट में जलभराव अधिक होने के कारण रेस्क्यू करने में असमर्थता जाहिर की गई। गांव में मुनादी कर एनीकट में ना नहाने की सूचना देने को कहा गया था। मुनादी करवा दी गई है। एक मगरमच्छ के खेतों के रास्ते अकलतरी भागने की भी सूचना है।

**-रूखमणी साहू**, सरपंच लखराम

### एक मगरमच्छ भागा

एनीकट में चार मगरमच्छ होने की सूचना मिली थी। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा एक मगरमच्छ के एनीकट से निकलकर खेतों के रास्ते अकलतरी की ओर भागने की सूचना भी सरपंच को दी गई है। इस संबंध में खेत मालिकों द्वारा मगरमच्छ के खेत व मेंढ़ में घिसटने के निशान भी दिखाए गए।

---

## संघर्ष समिति दिल्ली जाकर उठाएगी एयरपोर्ट की आवाज




**बिलासपुर।** हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का धरना आंदोलन शनिवार को जारी रहा, इस दौरान सदस्यों ने कहा कि छग राज्य का 25 साल पूरे हो चुके हैं, लेकिन विकास अभी रायपुर, दुर्ग, भिलाई में ही केंद्रित है। बिलासपुर जैसा राज्य का दूसरा प्रमुख शहर उन्नत एयरपोर्ट के लिए तरस रहा है।

समिति ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र के दौरान रायपुर व बजट सत्र के दौरान दिल्ली जाकर प्रदर्शन करेगी, इस दौरान बिलासपुर में उन्नत और सर्व सुविधायुक्त एयरपोर्ट के साथ ही देश भर के महानगरों के लिए फ्लाइट का परिचालन की मांग को बुलंद करेगी। समिति ने कहा कि पहले 25 साल अगर रायपुर, दुर्ग, भिलाई को समर्पित रहा है कि तो आने वाले 25 साल राज्य के अन्य क्षेत्र को समर्पित किया जाना चाहिए, जिससे बिलासपुर, सरगुजा, बस्तर संभाग तक विकास की गाथा लिखी जा सके। इस दौरान रवि बनर्जी,मजहर खान, साबर अली, मनोज तिवारी, शेख अल्फाज, अनुराग पांडे, प्रतीक तिवारी, रमाशंकर बघेल, अनिल गुलहरे, अखिल अली शामिल रहे।

## जिला स्तरीय राज्योत्सव पुलिस मैदान में आज से

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस पर जिला स्तरीय राज्योत्सव का भव्य आयोजन पुलिस परेड मैदान में 2 नवम्बर से 4 नवम्बर तक किया जाएगा।

राज्योत्सव के पहले दिन केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप मुख्यमंत्री अरूण साव करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक धरमलाल कौशिक, अमर अग्रवाल, धर्मजीत सिंह, सुशांत शुक्ला, दिलीप लहरिया, अटल श्रीवास्तव, क्रेडा अध्यक्ष भूपेन्द्र सवन्नी, छत्तीसगढ़ पाठ्य पुस्तक निगम के अध्यक्ष राजा पाण्डेय, महापौर पूजा विधानी, जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश सूर्यवंशी, नगर निगम के सभापति विनोद सोनी शामिल होंगे। इस तीन दिवसीय राज्योत्सव में स्थानीय सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ विभागीय प्रदर्शनी भी लगाई जाएगी। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने अधिकारियों को विभागवार जिम्मेदारियां भी सौंपी है। कार्यक्रम के पहले दिन 2 नवम्बर को शाम 5 बजे से साढ़े 6 बजे तक स्कूली छात्र-छात्राओं का कार्यक्रम होगा।



■ केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे

6.30 बजे से 7.30 बजे तक लोक मंच हिलेन्द्र ठाकुर की प्रस्तुति, रात 7.30 बजे से 8 बजे तक आंचल पाण्डेय का कत्थक नृत्य, 8 से 9 बजे तक जीजीयू का उमंग बैण्ड की प्रस्तुति, 9 बजे से 9.45 बजे तक बालमुकुंद पटेल का भरथरी गायन एवं रेखा देवार का छत्तीसगढ़ी गायन तथा रात्रि 9.45 बजे से 11 बजे तक इण्डियन रोलर बैण्ड की प्रस्तुति दी जाएगी।

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी की अपील

**बिलासपुर।** कलेक्टर संजय अग्रवाल ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी करें। इस कार्यक्रम के तहत सभी मतदाताओं की पहचान और उनका आइडेंटिफिकेशन किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता वोटर लिस्ट से बाहर न रह जाए और अपात्र मतदाताओं के नाम हटाए जा सकें।

कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम में सभी मतदाताओं को अपनी उपस्थिति वेरीफाई करनी होगी और आवश्यक दस्तावेजों के साथ वापस जमा कराने होंगे। उन्होंने बताया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से की जाएगी, ताकि मतदाता सूची को अधिक सटीक और अद्यतन बनाया जा सके। इसके अलावा कलेक्टर ने जिले के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे अपने आसपास के मतदाताओं को इस कार्यक्रम के बारे में जागरूक करें और उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए प्रेरित करें।

---

# अटल यूनिवर्सिटी ने डीपी विप्र कालेज को प्रदान किया आटोनामस का दर्जा

**बिलासपुर।** काफी विवाद और लंबे इंतजार के बाद डीपी विप्र कालेज को आटोनामस कालेज का दर्जा मिल ही गया। अटल यूनिवर्सिटी ने डीपी विप्र कालेज को आटोनामस घोषित कर दिया है और इस संबंध में नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है।

■ यूनिवर्सिटी ने आटोनामस कालेज का जारी किया नोटिफिकेशन

यूनिवर्सिटी के कार्य परिषद ने पहले ही कालेज को आटोनामस का दर्जा देने का फैसला ले लिया था।

अटल यूनिवर्सिटी द्वारा डीपी विप्र कालेज को आटोनामस घोषित किए जाने के संबंध में 29 अक्टूबर को नोटिफिकेशन जारी किया गया है और नोटिफिकेशन की कापी भी यूनिवर्सिटी को प्राप्त हो गई है। इस नोटिफिकेशन में हाईकोर्ट के आदेशों सहित राज्यपाल के अवर सचिव व यूजीसी के पत्र तथा डीपी विप्र कालेज प्रशासन समिति के वचनबद्धता और कार्य परिषद के निर्णय का हवाला दिया गया है। यूनिवर्सिटी ने डीपी विप्र कालेज को स्वशासी कालेज घोषित किया है और कालेज को छत्तीसगढ़ यूनिवर्सिटी अधिनियम 1973 अंतर्गत बने परिनियम-27 एवं 28 के समस्त उपबंधों का अक्षरशः पालन अनिवार्य रूप से करना होगा। इससे पूर्व 10 अक्टूबर को यूनिवर्सिटी में कार्य परिषद की बैठक हुई थी, जिसमें डीपी विप्र कालेज को आटोनामस का दर्जा दिए जाने के संबंध में चर्चा के बाद फैसला लिया गया था। कार्य परिषद के फैसले के बाद इस आशय का अधिसूचना जारी होने का इंतजार किया जा रहा था। यूजीसी ने तो 19 जनवरी 2024 को ही कालेज को आटोनामस का दर्जा प्रदान कर दिया था पर मामला यूनिवर्सिटी में आकर अटक गया था और सालभर से अधिक समय तक इस मुद्दे पर कालेज और यूनिवर्सिटी के बीच विवाद चलता रहा।

### आटोनामस घोषित करने राजभवन से आया था पत्र

डीपी विप्र कालेज को स्वायत्त शासी कालेज घोषित करने के संबंध में राज्यपाल के अवर सचिव के हस्ताक्षर से राजभवन से पत्र आया था। इसमें राज्यपाल के सचिव द्वारा 5 अगस्त को डीपी विप्र कालेज के निरीक्षण एवं कालेज में सुविधाओं का उल्लेख करते हुए डीपी विप्र कालेज को स्वायत्त शासी कालेज का दर्जा प्रदान, अधिसूचित किए जाने आवश्यक कार्रवाई कर सचिवालय को अवगत कराने कहा गया था। इसके बाद ही यूनिवर्सिटी में कार्य परिषद की बैठक बुलाकर इस संबंध में निर्णय लिया गया।

### विवि ने की है पुष्टि

अटल यूनिवर्सिटी ने सभी आदेशों के परिपालन करते हुए अधिसूचना जारी कर डीपी विप्र कालेज को स्वायत्त कालेज के दर्जे की पुष्टि की है। इससे कालेज परिवार यूनिवर्सिटी के कुलपति सहित कार्य परिषद के सभी सदस्यों का आभार प्रगट करता है। कालेज द्वारा आगे की योजनाएं बनाई जा रही है जिसे शीघ्र घोषित किया जाएगा।

**-राजकुमार अग्रवाल** अध्यक्ष, स्वायत्तता समिति डीपी विप्र कालेज

# अटल विवि ने वरिष्ठता सूची के संबंध में 7 तक कालेजों से मांगी जानकारी

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी ने संबद्ध कालेजों के शिक्षकों के वरिष्ठता सूची के संबंध में 30 सितंबर तक जानकारी मंगाई गई थी, किन्तु अभी भी कई कालेजों से शिक्षकों की जानकारी, दस्तावेज नहीं भेजे गए हैं। यूनिवर्सिटी ने एक बार फिर कालेजों के प्राचार्यो को 7 नवंबर तक वरिष्ठता सूची के संबंध में जानकारी भेजने कहा है।

■ कई कालेजों ने नहीं भेजी है जानकारी

सत्र 2025 के वरिष्ठता सूची के प्रकाशन के संबंध में जानकारी दस्तावेजों सहित 30 सितंबर तक यूनिवर्सिटी में जमा करने कहा गया था। लेकिन अभी तक अधिकांश कालेजों की ओर से कोई जानकारी नहीं भेजी गई है, इसलिए अटल यूनिवर्सिटी द्वारा पुनः संबद्धता प्राप्त कालेजों के प्राचार्यो को पत्र लिखा गया है और उन्हें अधीनस्थ किसी शिक्षक को वरिष्ठता सूची में नाम शामिल करने या किसी प्रकार के संशोधन करने के लिए कोई अभ्यावेदन प्रस्तुत करना हो तो दस्तावेजों सहित 7 नवंबर तक प्राचार्य से अभिप्रमाणित कराकर प्रस्तुत करने कहा गया है। इसी तरह कालेजों से अन्यत्र स्थानांतरित या मृत्यु तथा सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों की भी जानकारी यूनिवर्सिटी को उपलब्ध कराने कहा गया है ताकि सत्र 2025 के वरिष्ठता सूची में किसी प्रकार की त्रुटि न हो सकें। यूनिवर्सिटी ने साफतौर पर कहा है कि उक्त तिथि के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।



**खबर संक्षेप**

## जूना बिलासपुर व्यापारी संघ का चक्काजाम कल

**बिलासपुर।** खराब सड़क निर्माण की मांग को लेकर जूना बिलासपुर व्यापारी संघ 3 नवंबर को जूना बिलासपुर मुख्य सड़क पर चक्काजाम करेंगे। इस संबंध में व्यापारी संघ की हुई बैठक में बताया गया कि जूना बिलासपुर व्यापारियों एवं यहां के नागरिकों द्वारा इस मार्ग की खराब सड़क को बनवाने की मांग काफी लंबे समय से की जा रही है। ज्ञापन सौंपने के बाद केवल आश्वासन ही मिल रहा है। अधिकारियों द्वारा बारिश के बाद और फिर दीपावली के बाद निर्माण का आश्वासन दिया गया था। जनप्रतिनिधियों और प्रशासन द्वारा लगातार इस इलाक़े की उपेक्षा करने के कारण प्रशासन के विरोध में नागरिकों एवं व्यापारियों द्वारा सड़क पर उतरकर विरोध करने को मजबूर हैं। सोमवार 3 नवंबर को जूना बिलासपुर चौक पर चक्का जाम करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में जूना बिलासपुर व्यापारी संघ के रमेश गुप्ता, चंदूलाल जकयानि, अखिलेश गुप्ता, आनंद साहू, करण रामचंदानी, शिवम, गुरुभक्ष जैसवानी, भरत देवांगन, किशोरी शरण गुप्ता, राजेश ठाकुर, विपुल पटेल, राजकुमार अग्रवाल, पवन शिवदासानी, श्याम, जितेन्द्र ज्ञानी, रितेश सिवानी, हर्ष गुप्ता, राजेश गुप्ता, शुभम माखीजा, राकेश प्रधान, सम्मुख सिधारा, ब्रिजेश देवांगन, तिलक देवांगन आदि मौजूद थे।

## स्वास्थ्य संयोजक की परीक्षा 9 नवंबर को

**बिलासपुर।** ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक की भर्ती परीक्षा 9 नवंबर को होगी। इसके लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए गए हैं। परीक्षा के लिए बिलासपुर, रायपुर समेत दस जिलों में परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। इधर, संचालनालय, स्वास्थ्य सेवायें, छत्तीसगढ़ के अंतर्गत ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक पुरुष एवं ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक महिला के 200 पदों पर भर्ती होगी। दोनों पदों के लिए 100-100 पोस्ट हैं। बड़ी संख्या में आवेदन मिला है। प्रवेश पत्र की सूचना के साथ ही व्यापमं ने परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किया है। परीक्षा सुबह 11 बजे से होगी, लेकिन अभ्यर्थियों को साढ़े दस तक परीक्षा केंद्र में पहुंच जाना होगा। इसके बाद गेट बंद हो जाएगा। इसी तरह परीक्षा के दिन प्रवेश पत्र के साथ फोटोयुक्त मूल पहचान पत्र जैसे आधार कार्ड, वोटर आईडी, पेन कार्ड आदि में से कोई एक लेकर जाना होगा। विस्तृत जानकारी व्यापमं की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## निर्वाचन के लिए भरे जाएंगे नामांकन पत्र

**बिलासपुर।** भारतीय खाद्य निगम कर्मचारी साख सहकारी समिति मर्यादित संचालक मंडल के सदस्यों के निर्वाचन के लिए कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। समिति के रिटर्निंग अफसर ने बताया कि जारी निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार संचालक मंडल के सदस्यों के चुनाव के लिए 10 नवंबर को नामांकन पत्र प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि 16 नवंबर को आमसभा होगी। इसमें संचालक मंडल के निर्वाचन के लिए मतदान एवं मतदान पश्चात मतगणना की जाएगी। उन्होंने बताया कि अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का निर्वाचन 22 नवंबर को किया जाएगा। निर्वाचन की तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।

**धोखाधड़ी का मामला** — सिरगिट्टी पुलिस से ट्रांसपोर्टरों ने की शिकायत, पुलिस ने कहा न्यायालय से होगा फैसला

# बैंक और फर्जी दस्तावेज के सहारे करोड़ों की ठगी, शिकायत के बाद भी मामला ठंडे बस्ते में

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बैंक कर्मचारियों, फाइनेंस एजेंटों और परिवहन विभाग को चमका देकर एक व्यक्ति ने दर्जन भर लोगों की गाड़ियां, संपत्ति और दस्तावेज़ गिरवी रखवाकर करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। पुलिस ने शिकायत पर धारा 174 के तहत शिकायत दर्ज की, लेकिन पीड़ितों को कोर्ट जाने की नसीहत देकर चलता कर दिया।

शिकायतकर्ताओं तुहिन रॉय, सतीश टंटी, विनय सिंह अन्य प्रार्थियों ने बताया कि सुबर्नो ट्रेवल्स के ट्रांसपोर्ट व राजकिशोर नगर निवासी सुबर्नो घोषाल व अन्य आरोपियों ने बैंक कर्मचारियों व फाइनेंस एजेंटों से संबंध बनाकर पहले लोगों को वाहन खरीदने के लिए उकसाया। पीड़ितों के सिबिल स्कोर, दस्तावेज़ और संपत्ति का उपयोग कर वाहनों के नाम पर लोन फाइनेंस और क्रेडिट कार्ड जारी करवा लिया। शिकायत के मुताबिक, 2023–24 में आरोपियों ने गाड़ियां खरीदकर ट्रक और कैब सर्विस में लगाने का झांसा दिया था। इस दौरान पीड़ितों को हर महीने निश्चित रिटर्न मिलने की बात कही गई थी। इस दौरान इन्वेस्टमेंट पर 10 से 15 प्रतिशत तक का रिटर्न आया। साल 2024 के मध्य में वाहनों के नाम पर फर्जी दस्तावेज़ तैयार कर कुछ घरों को गिरवी रखवाया गया और प्राप्त रकम का आधा हिस्सा खुद रख लिया गया। आरोपियों ने कुछ माह के बाद भुगतान बंद कर दिया। इसी साल मई–जून में मामला बढ़ने पर आरोपी फरार हो गया है।

### पिता के रसूख का इस्तेमाल

पीड़ित तुहिन रॉय ने बताया कि आरोपी के पिता विकास चंद्र घोषाल, सेवानिवृत्त एसईसीएल कर्मचारी हैं, उनके नाम और पहचान का भी पूरे नेटवर्क में दुरुपयोग किया गया। पुराने परिचित पर भरोसा करके दस्तावेज़ सौंपे थे, लेकिन उन्हीं कागजों को बाद में गिरवी रखवाने और फाइनेंस निकालने में इस्तेमाल कर लिया गया।

### आरटीओ कार्यालय की मिलीभगत

पीड़ितों का आरोप है कि आरटीओ कार्यालय में कई लोगों से संपर्क कर वाहनों का फिटनेस सर्टिफिकेट, परमिट और ट्रांसफर दस्तावेज बनवाए जाते थे। अब आरोपी के भाग जाने के बाद उसके कथित साथी उसके नाम की संपत्ति का लेन-देन कर रहे हैं। यहां तक कि तीन ट्रकों की नीलामी कराकर दिवालिया घोषित करवाने की तैयारी बताई जा रही है।

### 26 से अधिक बैंक खाते और क्रेडिट कार्ड का दुरुपयोग

पीड़ितों ने अपनी शिकायत में कहा है कि आरोपी ने अपने संपर्कों के जरिए 26 से अधिक बैंक खाते खुलवाए और कई पीड़ितों के नाम से क्रेडिट कार्ड बनवाकर उनमें से 40–50 हजार रुपए तक की रकम खर्च किया। इसके अलावा दुकानदारों और फाइनेंस एजेंटों की मिलीभगत से आईफोन जैसे महंगे प्रोडक्ट फाइनेंस करवाकर बेच भी दिया।

### कोरिया व बिलासपुर जिले के ड्राइविंग लाइसेंस

बताया जा रहा है कि आरोपी सुबर्नो घोषाल ने बड़ी ही चालाकी से कोरिया और बिलासपुर जिले के ड्राइविंग लाइसेंस बनवाए हैं। ऐसे में यह कयास भी लगाए जा रहे हैं कि कोरिया जिले में भी आरोपियों के द्वारा ठगी को अंजाम दिया गया है, हालांकि आरटीओ बिलासपुर द्वारा जांच के लिए प्रकरण भेजने की बात कही गई है।

### दो लाइसेंस बनना मुश्किल है

प्रकरण में आरोपी सुबर्नो घोषाल के नाम पर कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। जहां तक 2 ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने की बात है, तो आधार कार्ड के डिटेल के कारण दो ड्राइविंग लाइसेंस बनाना मुश्किल है। फिर भी जांच के लिए प्रकरण उच्च कार्यालय को भेजा जाएगा।

**-आसीम माथूर**, आरटीओ, बिलासपुर।

### आपसी लेनदेन का मामला है

मामला आपसी पैसे के लेनदेन से संबंधित है। यह पुलिस अहस्तक्षेप का मामला था, इसलिए इसमें धारा 174 के तहत मामला लिया गया है। पीड़ित न्यायालय जाने के लिए स्वतंत्र हैं।

**-किशोर केंवट**, टीआई, सिरगिट्टी

अब कछार की मिट्टी पसंद आई, 30 से अधिक हाइवा का दिया गया आर्डर, 60 लाख का टेंडर किया

# रघुराज स्टेडियम को समतल करने मिट्टी नहीं मिल रही 6 महीने से 15 से अधिक गांवों तक की गई तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



रघुराज सिंह स्टेडियम में कछार के मिट्टी से भरे जा रहे गड्ढे, किया जा रहा समतलीकरण।

शहर के बीच क्रिकेट खिलाड़ियों को खेलने की जगह ही नहीं मिल रही है। राजा रघुराज सिंह स्टेडियम को साल भर से बंद करते हुए मरम्मत का काम किया जा रहा है और खिलाड़ी इंतजार में है। हाल यह है कि स्टेडियम को समतल करने के लिए जो मिट्टी चाहिए वह पिछले 6 महीने से मिल ही नहीं रही है। ठेकेदार से लेकर अधिकारी और पिच क्यूरेटर तक 15 से अधिक गांवों में मिट्टी की तलाश में पहुंच चुके हैं लेकिन मिट्टी है कि मिल ही नहीं रही। अब कहा जा रहा है कि बड़ी मुश्किल से कछार गांव की मिट्टी पसंद आई है और 30 हाइवा मिट्टी का आर्डर भी दे दिया गया है। अधिकारियों का कहना है कि इसके साथ ही पिच के लिए अलग से भसुआ मिट्टी भी पहुंच गई है और सभी काम पूरे करते हुए इसी महीने के अंत मे स्टेडियम खिलाड़ियों के हवाले कर दिया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक स्टेडियम में रंगरोगन का काम भी जारी है।

■ साल भर से बंद है खेल मैदान, सितंबर 2024 में शुरू हुआ था काम

गौरतलब है कि सितंबर 2024 में जब स्टेडियम की मरम्मत शुरू की गई थी तो 3 महीने में काम पूरा करने कहा गया था। इसके बाद फिर समय बढ़ाते हुए जनवरी 2025 में काम पूरा और खिलाड़ियों के लिए इसे उपलब्ध कराने की बात कही गई थी लेकिन उसके बाद से 9 महीने और बीत गए हैं और काम अधूरा पड़ा है। अब कहा जा रहा है कि सभी काम पूरे कर लिए गए हैं और इसी महीने स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हो जाएगा। ध्यान रहे कि राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के कायाकल्प और अधोसंरचना विकास पर 60 लाख रुपए और खर्च होंगे। इसमें पेन्टिंग कार्य भी शामिल हैं।

### मैदान में रेत और मुरुम डालने की शिकायत

इधर अधिकारियों को मिट्टी नहीं मिली तो मैदान में मिट्टी, रेत और मुरुम मिलाकर डालने की कोशिश की गई। इसकी सप्लाई करते हुए मैदान में पहुंचा भी दिया गया। जानकारी मिलने पर खिलाड़ियों ने विरोध किया और शिकायत की। इसके बाद निगम ने भी पाया कि यह मैदान के लिए सही नहीं रहेगा तो अब इसे वापस उठवाने का फैसला लिया गया है। गौरतलब है कि रघुराज स्टेडियम में पाप अप मैदान रिपेयर, पेवेलियन निर्माण, पिच निर्माण हेतु सक्षम रोलर का काम किया जा रहा है। इसके साथ ही स्टेडियम को अंतरराष्ट्रीय मानक का खेल मैदान बनाने के साथ जिम का नवीनीकरण, एलईडी स्क्रीन और साउंड बाक्स, न्यू बैडमिंटन कोर्ट, स्टेडियम के नाली की पर्याप्त साफ सफाई, दर्शक दीर्घा का निर्माण किया जा रहा है। इसमें 40 लाख से अधिक खर्च किए जा रहे हैं।

### स्टेडियम में फिलहाल खामियां

- मुख्य प्रवेश द्वार के सामने बेतरतीब खड़े वाहनों से समस्या
- जिम का प्रमुख प्रवेश दरवाजा हमेशा बंद रहता है
- स्टेडियम की छत कई जगह से जर्जर है
- मैदान में पर्याप्त घास नहीं है, शौचालय में गंदगी
- बैडमिंटन कोर्ट खस्ताहाल है टाइल्स तक टूट रहें हैं
- जिम में रखे समान कंडम हो रहे, मशीनें भी चालू नहीं है
- खिलाड़ियों के रुकने व मेडिकल की सुविधा तक नहीं

### सभी काम पूरे हो गए

सभी काम पूरे कर लिए गए हैं और इसी महीने स्टेडियम खिलाड़ियों के लिए उपलब्ध हो जाएगा। मैदान में पानी के छिड़काव के लिए स्प्रिंकलर लगाया गया है। इससे अब मशीन के माध्यम से पानी ग्राउंड में डाला जा सकेगा और इसके लिए मजदूरों की जरूरत नहीं होगी। मैदान में खिलाड़ियों के बैठने की जगह भी बनाई गई है। इसमें दो पवेलियन है और 40 खिलाड़ी बैठ सकेंगे। बैडमिंटन कोर्ट के बगल में शेड भी बनाया जा रहा है। मैदान में मिट्टी कछार से लाकर डाली जा रही है।

**- अनुपम तिवारी**, नोडल अधिकारी



फाल्ट की तलाश करते विद्युत मंडल के कर्मचारी।

# सुबह 4 बजे से बंद रही बिजली घरों में नहीं पहुंचा पीने का पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

करबला, गांधी चौक और दयालबंद सहित शहर के कई इलाकों में सुबह 4 बजे से बिजली सप्लाई ठप रही। सुबह सोकर उठने वाले लोगों की भनक तब पड़ी जब सुबह का पानी नालों से नहीं निकल रहा था। इसके बाद लोगों ने विद्युत फ्यूज कॉल में शिकायत दर्ज कराई, लेकिन फाल्ट खोजने में ही कर्मचारियों को 7 घंटे लग गए। इस दौरान पीने के पानी के लिए लोगों का काफी मशक्कत करनी पड़ी।

■ फाल्ट खोजने में ही लग रहे घंटों

पीजीबीटी सबस्टेशन के अंतर्गत कई फीडरों की सप्लाई शनिवार की सुबह 4 बजे से बंद रही, बताया जा रहा है कि जम्पर कटने की वजह से एक साथ कई इलाकों की बिजली में फाल्ट आया। इस दौरान दयालबंद के पंजाब बैंक, मधुबन रोड, गांधी चौक, पुराना हाईकोर्ट, फजल बाड़ा, शिवटाकिज जैसे इलाकों में सप्लाई बाधित रही। सुबह 8 बजे बिजली अमला फिल्ड में उतरा लेकिन कर्मचारियों को फाल्ट ढूंढने में काफी देर होती रही, आखिरकार सुबह 10 बजे सप्लाई नार्मल हो सकी लेकिन कुछ घरों में पीने का पानी नहीं पहुंच सका, दरअसल पानी की सप्लाई कुदुदंड पानी टंकी और आसपास के बोर की सहायता से लोगों के दरवाजे तक पहुंचती है, लेकिन क्षेत्र में बिजली बंद होने के बाद पानी की सप्लाई नाममात्र की होती है, ऐसे में खपत के अनुसार पानी मिलना मुश्किल हो जाता है। शनिवार को कई घरों में पानी नहीं मिलने के कारण खरीद कर पानी पीने को मजबूर होना पड़ा। निस्तारी पानी नहीं मिलने से लोग परेशान रहे।

# महामाया विहार के सूने मकान में डेढ़ लाख की चोरी, जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक बार फिर चोरों ने सिविल लाइन थाना क्षेत्र की कालोनी के एक सूने मकान से डेढ़ लाख के सोने चांदी का जेवर पार कर दिया। पुलिस चोरों का सुराग तक नहीं लगा पा रही है।

सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, महामाया विहार कालोनी निवासी मीता श्रीवास्तव अकेली रहती हैं। उनकी बेटी बैंगलोर में जाब करती है जो अपने पति के साथ वहीं रहती हैं। 15 अगस्त को वे घर के दरवाजे में ताला लगाकर अपने बेटी के पास बैंगलोर चली गई थीं। पेंशनर होने से उन्हें जीवित प्रमाण पत्र नगर निगम में नवंबर माह जमा करना था, जिससे वे 30 अक्टूबर को वापस आईं। उनके रिश्तेदारों ने बताया दरवाजे का ताला टूटा हुआ है।

अंदर जाकर देखी तो कमरे में सामान अस्त व्यस्त पड़े थे। आलमारियों में रखे चांदी के पायजेब, करधन, चांदी गुच्छा, चांदी के सिक्के, चांदी का छतरी, चांदी का मछली व अन्य डेढ़ लाख के जेवरात चोरी हो गए थे। चोर उनके घर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डीवीआर भी काट कर ले गए हैं। सूचना पर पुलिस ने उनके घर का मुआयना कर श्रीमती श्रीवास्तव की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 305, 331, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।



वह मकान जहां चोरी हुई।

### एक माह में चौथी वारदात

29 सितंबर को अग्रसेन चौक साकेट अपार्टमेंट के दो मकानों में धावा बोलकर चोरो ने रूबी के नेकलेस, सोना चांदी व 3 लाख रुपए नकद। 7 अक्टूबर को उसलापुर गुलमोहन कालोनी के एक मकान से 7 लाख रुपए नकद सोने चांदी के जेवर सहित 14 लाख रुपए का सामान चोरी कर लिया गया था। 29 अक्बूबर को मंगला चौक टाइल्स दुकान से 5 लाख 80 हजार रुपए चोरी कर लिया गया।

## ट्रेन से चोरी करने वाले तीन युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** ट्रेन से यात्री का लैपटाप सहित बैग चोरी करने वाले तीन युवकों को जीआरपी ने गिरफ्तार कर लिया है। कोरबा निवासी प्रज्जवल शरण घाटगे ने जीआरपी में रिपोर्ट लिखाई। छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस में यात्रा के दौरान उनका लैपटाप, आईपैड, पास्पोर्ट व अन्य दस्तावेज चोरी हो गए हैं। जांच में पाया गया चांपा से बिलासपुर के बीच सक्रिय चोर गिरोह यात्रियों के बैग चोरी कर रहे हैं। जीआरपी ने संजय दास महंत पिता राजेश्वर दास महंत 23 साल ओड़ेकेरा जैजैपुर सक्ति, संदीप दास पिता लाला दास 21 साल नैला जांजगीर व खरीददार आलोक कुमार प्रधान पिता संतोष कुमार प्रधान 21 साल नैला दर्रीपारा जांजगीर निवासी को पकड़कर चोरी गया लैपटाप, चार मोबाइल, पासपोर्ट, बैंक पासबुक बरामद कर लिया है।

# सीमांकन के दो दिन पहले विवादित जमीन में खूंटा लगाने से दो पक्ष भिड़े

**बिलासपुर।** सीमांकन के दो दिन पहले विवादित जमीन में खूंटा लगाने पर दो पक्ष आपस में भिड़ गए। दोनों पक्षों के जमकर विवाद व हंगामा हुआ है। पुलिस व प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचकर समझाइश देकर विवाद शांत कराया है।

सिरगिट्टी पुलिस के अनुसार, नगपुरा के एक जमीन पर गांव के सुरेश कौशिक व एक केंवट परिवार अपना अपना होना बता रहे है। बताया जाता है पीयूष गंगवानी ने केंवट परिवार से उक्त जमीन को खरीदने के लिए सौदा तय कर लिया है। दोनों पक्षों की शिकायत पर जिला प्रशासन की ओर से 3 नवंबर को उक्त जमीन का सीमांकन कराने का आदेश दिया गया है। शनिवार को पीयूष गंगवानी, हर्ष मतला अन्य लोगों के साथ नगपुरा जाकर दंबगई से उक्त जमीन में कब्जा करने खूंटा लगवा रहे थे। जानकारी होने पर कौशिक परिवार ने मौके पर पहुंच कर विरोध किया। इस पर दोनों पक्ष आमने सामने आ गए और तू तू मै मै होने लगी। दोनों पक्षों को उग्र देखकर लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही सिरगिट्टी पुलिस, आरआई, पटवारी मौके पर पहुंच गए और सीमांकन होने के बाद कब्जा करने की समझाइश दी गई। उसके बाद विवाद शांत हुआ है। बताया जाता है 20 दिन पूर्व दोनों पक्ष के जमकर विवाद के बाद मारपीट हो गया था। जिसकी एक पक्ष ने थाने में रिपोर्ट लिखाई थी।

■ जमकर हुआ हंगामा

### समझाइस के बाद शांत हो गया

जमीन में कब्जा करने को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद की स्थिति निर्मित हुई थी। आरआई, पटवारी के द्वारा 3 नवंबर को सीमांकन होते तक यथा स्थिति बने रहने की समझाइस दी गई। उसके बाद विवाद शांत हो गया था। पूर्व में उनके बीच मारपीट हुई थी।

**-किशोर केंवट**, सिरगिट्टी टीआई




हरिभूमि नं.1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

07752-401052, 8770748558
9754160620, 9691735152

# होल्डिंग एरिया में एक साथ सात हजार यात्रियों को मिलेगी सुविधा

**बिलासपुर।** केन्द्रीय रेल मंत्री ने यात्रियों की सुविधा के लिए देश के मुख्य 76 रेलवे स्टेशनों को आवास क्षेत्र यानि होल्डिंग एरिया विकसित करने की योजना को मंजूरी दी है, जिसमें दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन के स्टेशन को भी शामिल किया गया है। इस होल्डिंग एरिया में एक साथ 7 हजार से अधिक यात्रियों को समायोजित करने की सुविधा मिलेगी।

जोन मुख्यालय के अनुसार केन्द्रीय रेल सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रानिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्वनी वैष्णव ने देश के विभिन्न रेलवे स्टेशन पर 76 यात्री आवास क्षेत्र यानि होल्डिंग एरिया विकसित करने की योजना को मंजूरी दी है। यह निर्णय नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्री आवास क्षेत्र की सफलता के बाद लिया गया है। नियोजित यात्री आवास क्षेत्र में आधुनिक सुविधा मुहैया कराने के साथ स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार निर्माण किया जाएगा। रेल मंत्री ने निर्देश दिया है कि सभी यात्री आवास क्षेत्र 2026 के त्यौहारी सीजन से पहले पूरे कर लिए जाएं। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन ने दीपावली और छठ के दौरान यात्रियों की अत्यधिक भीड़ को अपने नए विकसित यात्री आवास क्षेत्र की मदद से प्रबंधित किया।




